




सांध्य दैनिक

# श्रीकंचनपथ

लीपा पोती नहीं सिर्फ सच

RNI. Reg. No. CHHHIN/2009/30534
डाक पंजीयन क्रं.-छ.ग./ दुर्ग /94/2023-25








वर्ष- 15 अंक - 96 | www.shreekanchanpath.com | संस्थापक एवं प्रेरणास्रोत- स्व. श्रीमती रजनी अग्रवाल | भिलाई, गुरूवार 18 जनवरी 2024 | पृष्ठ 8- मूल्य 1/-


# अयोध्या से पवित्र ज्योत लेकर रायपुर पहुंचे भक्त
# सीएम साय ने कहा- 'प्रदेशभर में भेजी जाएगी'

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** श्री राम जन्मभूमि अयोध्याधाम से पावन ज्योति आज सुबह छत्तीसगढ़ पहुंची। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय को राज्य अतिथि गृह पहुना में श्री राम जन्मभूमि अयोध्याधाम से पावन ज्योति लेकर राजधानी रायपुर पहुंचे रामभक्तों ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ पवित्र ज्योति कलश सौंपा। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि राजधानी रायपुर के श्री राम मंदिर में ज्योति कलश को रखा जाएगा, जहां से प्रदेश भर में पावन ज्योति भेजी जाएगी। मुख्यमंत्री ने श्री रामलला प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर प्रदेशवासियों से घर-घर ज्योति जलाने अपील की।

श्री अयोध्याधाम से पावन ज्योति लेकर छत्तीसगढ़ पहुंचे रामभक्तों ने मुख्यमंत्री साय को बताया कि रामभक्तों का सात सदस्यीय दल रामजन्मभूमि से ज्योति कलश लाने गया था। उल्लेखनीय है कि दल में मुस्लिम सम्प्रदाय से भी भिलाई निवासी रज्जन अकील खान और शाहनवाज ने अपनी सहभागिता दी है। दल में प्रग्नेश महेंद्र भाई पटेल, राजू साहू, अरविंद पटेल, आकाश पाल आदि शामिल रहे। मुख्यमंत्री को रामभक्तों द्वारा अयोध्याधाम का प्रसाद भी भेंट किया। इस अवसर पर वरिष्ठ नेत्री तुलसी साहू, रोहित कौशिक, प्रकाश शर्मा, पंडित विकास शास्त्री, टीका राम साहू, राजेश तिवारी, महेश सहित अनेक रामभक्त उपस्थित रहे।



## ननिहाल हुआ बाग-बाग

श्रीरामलला प्राण प्रतिष्ठा समारोह को लेकर श्रीराम के ननिहाल छत्तीसगढ़ बाग-बाग है। यहां लोगों में गजब का उत्साह देखने को मिल रहा है। बीते कल सोशल मीडिया में राम दरस बर जागो नंबर वन ट्रेड करता रहा। छत्तीसगढ़ की जनभावनाओं को अभिव्यक्त करते इस हैश टैग के साथ सोशल मीडिया यूजर्स अपने विचार साझा करते रहे, जिसमें छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा शुरू की गई श्री रामलला दर्शन योजना की भी खूब चर्चा रही। साथ ही मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का वीडियो संदेश भी साझा किए जाते रहे, जो उन्होंने रामलला प्राण-प्रतिष्ठा समारोह के निमित्त प्रदेशवासियों के नाम जारी किए हैं। परिणाम स्वरूप सारा दिन राम दरस बर जागो ट्रेड करता रहा।

## आदिवासियों को रामचरित मानस बाँटेगी सरकार

छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने बीते कल बालोद जिले में आदिवासियों के सम्मेलन कार्यक्रम में पहुंचे। बालोद में कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सीएम विष्णु देव साय ने धर्मांतरण, आदिवासियों को हिंदू और आदिवासी के नाम पर भड़काने को लेकर बात रखी। सीएम ने कहा कि आदिवासी वर्ग को शराब और मांस का सेवन नहीं करना चाहिए। इस तरह की चीजों से उनको आर्थिक, शैक्षणिक और सामाजिक रूप से कमजोर करने का काम किया जाता है। हम धर्मांतरण को रोकने मुहिम चलाएंगे। सीएम साय ने कहा कि बालोद में आदिवासियों के हित में बहुत बड़ा काम हुआ है और विशेषकर अनुसूचित जनजाति क्षेत्र में इस काम का महत्व बढ़ जाता है। सीएम ने कहा कि यहां धर्मांतरण का काम जोरों से होता है। हमारे अनुसूचित जनजाति बंधुओं को भरमाया जाता है। सीएम ने कहा कि आदिवासी हिंदू नहीं हैं बोलकर जनजातीय लोगों को मांस और मदिरा का सेवन करके आर्थिक, शैक्षणिक, सामाजिक हर रूप से कमजोर किया जा रहा हैं। उन्होंने कहा कि रामचरितमानस के वितरण से मांस मदिरा धर्मांतरण इन सब में रोक लगाने का काम किया जाएगा।

## रामलला दर्शन को लेकर छत्तीसगढ़ उत्साहित

छत्तीसगढ़ की विष्णुदेव साय सरकार ने मोदी की गारंटी के तहत छत्तीसगढ़वासियों को रामलला के दर्शन कराने के लिए श्री रामलला दर्शन योजना की शुरूआत की है। इसे लेकर प्रदेशवासी खासे उत्साहित हैं। विशेषकर बड़े-बुजुर्गों का प्रभु राम दर्श का सपना साकार होने जा रहा है। योजना के प्रथम चरण में सरकार ने 55 वर्ष से अधिक आयु के लोगों को दर्शन कराने का निर्णय लिया है। इसके बाद क्रमश: सभी को श्रीरामलला के दर्शन कराए जाएंगे। अयोध्या में श्रीरामलला की प्राण-प्रतिष्ठा की घड़ी जैसे-जैसे नजदीक आ रही है, लोगों का उत्साह बढ़ता जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अपील पर स्वच्छता अभियान चलाकर तथा श्रमदान कर लोग प्रदेश के मंदिर-देवालयों की साफ-सफाई कर रहे हैं। स्वयं मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय सहित मंत्रीमंडल के सदस्यगण और अन्य जनप्रतिनिधि भी इस पावन अभियान का हिस्सा बन रहे हैं। इस बीच मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने प्रदेशवासियों को संबोधित एक वीडियो संदेश भी जारी किया है, जो सोशल मीडिया में खूब वायरल हो रहा है।

## ऐतिहासिक पलों के साक्षी होने पर गर्व - साय

प्रदेशवासियों के नाम सम्बोधित वीडियो में मुख्यमंत्री श्री साय ने लोगों का अभिवादन और जय राम का उद्घोष करते हुए कहा कि आप सबको पता है कि राम जन्मभूमि अयोध्या धाम में रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा 22 जनवरी को होने जा रही है। हमारा सौभाग्य है कि हम इस दिव्य और ऐतिहासिक पल के साक्षी बनने जा रहे हैं। संपूर्ण देश में उत्साह है, उमंग है। मुख्यमंत्री साय ने वीडियो में आगे कहा है कि प्रभु राम जन-जन के हृदय में बसते हैं। छत्तीसगढ़ वही कोसल प्रदेश है, जिसकी बेटी, माता कौशल्या ने भगवान राम को जन्म दिया। श्रीराम ने दण्डकारण्य को अपनी चरण रज से पवित्र किया। माँ शबरी के बेरों की मिठास अभी तक छत्तीसगढ़ में घुली हुई है। यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व में देश में रामराज्य की संकल्पना साकार होती जा रही है। प्रभु राम के आदर्शों पर चलकर सेवा और सुशासन के माध्यम से हम भी छत्तीसगढ़ को एक आदर्श और सुशासित राज्य के रूप में स्थापित करने हेतु संकल्पित हैं। श्री साय ने कहा कि बहुत लम्बी प्रतीक्षा के बाद अब श्री रामलला अयोध्या धाम में विराजमान होने जा रहे हैं। जैसा कि प्रधानमंत्री मोदी ने अपील की है कि हम रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा के पावन अवसर पर अपने घर, गांव, नगर को ही अयोध्या स्वरूप बना लें। अपने आसपास आस्था स्थलों मंदिरों की साफ-सफाई कर लें और दीप प्रज्वलित कर प्रभु राम के आगमन का उत्सव मनाएं। प्रभु राम का पावन स्मरण करें। श्री राम का पावन स्मरण करते हुए आप सभी को पुन: इस बहुप्रतीक्षित अवसर का साक्षी बनने के लिये बधाई।

## खास-खबर

### हाईकोर्ट ने बिलासपुर-दिल्ली उड़ान के लिए सीधा रूट निर्धारित न करने पर उठाए सवाल, एक फरवरी को अगली सुनवाई

**बिलासपुर।** बिलासपुर हाईकोर्ट ने बिलासपुर-दिल्ली उड़ान के लिए सीधा रूट निर्धारित नहीं करने पर सवाल उठाए हैं। बुधवार को सुनवाई के दौरान कोर्ट ने डीजीसीए और केंद्र से पूछा कि रूट निर्धारित क्यों नहीं हो पाया। कोर्ट ने यह भी कहा कि कोई भी विवाद हो, एयरपोर्ट की बाउंड्रीवाल का काम नहीं रुकना चाहिए। जरूरी हो तो दोनों विभागीय ईई को हटाकर नई नियुक्ति की जाए। जस्टिस गौतम भादुड़ी और राधाकिशन अग्रवाल की खंडपीठ में बुधवार को बिलासपुर में हवाई सुविधाओं के विकास के लिए दायर जनहित याचिकाओं पर सुनवाई की। कोर्ट ने नए अतिरिक्त महाधिवक्ता को समय देना स्वीकार करते हुए सभी बिंदुओं पर दो सप्ताह में जानकारी मांगी। कोर्ट ने सुनवाई की अगली तारीख एक फरवरी तय की है। खंडपीठ ने आज एलायंस एयर द्वारा प्रस्तुत शपथ पत्र पढ़ा और दिल्ली-बिलासपुर फ्लाइट बंद करने के निर्णय के कारणों को संतोषजनक नहीं माना। इस मुद्दे पर भी केंद्र से स्पष्टता लाने को कहा। याचिकाकर्ताओं की और से अधिवक्ता आशीष श्रीवास्तव, सुदीप श्रीवास्तव, राज्य सरकार की तरफ से राजकुमार गुप्ता, एलायंस एयर की ओर से शोभित कोष्टा, केंद्र से रमाकांत मिश्रा, एएआई की ओर से अनुमेह श्रीवास्तव ने पक्ष रखा। कोर्ट ने एलायंस एयर की महानगरों तक सीधी उड़ान के लिए सब्सिडी के प्रस्ताव पर मुख्य सचिव को उच्च स्तरीय बैठक बुलाकर राज्य का पक्ष निर्धारित करने के निर्देश दिए। साथ ही 287 एकड़ जमीन पर सेना द्वारा काम करने की अनुमति के संबन्ध में पूरे विवरण के साथ प्रस्ताव पर भी पूरी जानकारी मांगी।


### 5 दिनों तक घने कोहरे की संभावना, 6 राज्यों में बारिश का अलर्ट


**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** उत्तर भारत में बुधवार को गंगा के मैदानी इलाकों में तड़के कोहरा कुछ कम रहा। उपग्रह से प्राप्त तस्वीरों के अनुसार, बिहार, पूर्वी उत्तर प्रदेश, उत्तरी मध्य प्रदेश और दिल्ली में कोहरा कम हुआ है, लेकिन पंजाब, हरियाणा, पश्चिमी उत्तर प्रदेश और राजस्थान के कुछ हिस्सों में घना कोहरा छाया रहा। आईएमडी ने अपने पूर्वानुमान में कहा कि अगले चार-पांच दिनों के दौरान उत्तर भारत में घने से बहुत घना कोहरा और ठंड से गंभीर ठंड की स्थिति बनी रहने की आशंका है। उत्तर पश्चिम भारत के मैदानी इलाकों में भी अगले पांच दिनों के दौरान शीतलहर से लेकर गंभीर शीतलहर की स्थिति देखने की संभावना है। मौसम विभाग के मुताबिक, 18 जनवरी को बिहार, झारखंड, छत्तीसगढ़, ओडिशा, पश्चिम बंगाल और सिक्किम के साथ-साथ पूर्वोत्तर भारत में कुछ स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा होने की संभावना है। वहीं, अयोध्या की बात करें तो यहां आज से लेकर 22 जनवरी तक आसमान साफरहने के आसार हैं। सुबह के दौरान केहरे के कारण विजिबिलिटी 200 से 800 मीटर के करीब रहने की संभावना है।

### छत्तीसगढ़ में कोरोना मरीजों की संख्या में आई कमी, 4298 सैम्पलों की जांच में मिले 17 नए मरीज

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में मौसम का मिजाज बदलने से कोरोना मरीजों की संख्या में बढ़ोतरी देखने को मिली, लेकिन अब कोरोना मरीजों की संख्या में लगातार कमी नजर आ रही है। बुधवार को 4298 सैम्पलों की जांच हुई, जिसमें 17 नए संक्रमित मिले हैं। अब प्रदेश में एक्टिव केस संख्या 91 है। वहीं पॉजिटिविटी दर 0.40 प्रतिशत है। प्रदेश के 6 जिलों में कोरोना संक्रमित पाए गए हैं। बाकी जिलों में कोई नया मामला सामने नहीं आया है। बस्तर जिला में 7, बिलासपुर और दुर्ग में 3-3, रायगढ़ में 2, दंतेवाड़ा और सुकमा में 1-1 कोरोना के नए संक्रमित पाए गए हैं।

## श्रीराम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा : पीएम मोदी ने जारी किया डाक टिकट, श्रीराम पर जारी टिकटों की पुस्तक भी रिलीज





**अयोध्या।** राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा अनुष्ठान का गुरुवार को तीसरा दिन है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इस बीच प्रभु श्रीराम की नगरी अयोध्या में बन रहे मंदिर व यहां के स्मारकों पर आधारित डाकटिकट जारी किया। साथ ही भगवान श्रीराम पर जारी टिकटों की एक पुस्तक पर रिलीज की गई है। इस पुस्तक में डाक विभाग द्वारा अब तक भगवान श्रीराम पर जारी डाक टिकटों का संग्रह है।

डाक टिकट जारी करने के बाद पीएम मोदी का एक वीडियो संदेश भी जारी किया गया। इसमें पीएम मोदी ने कहा, आज मुझे श्री राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा अभियान द्वारा आयोजित एक और कार्यक्रम में शामिल होने का अवसर मिला। आज श्री राम जन्मभूमि मंदिर पर 6 स्मारक डाक टिकट और दुनिया भर में भगवान राम पर जारी टिकटों का एक एल्बम जारी किया गया है। मैं देश के लोगों और दुनिया भर के सभी राम भक्तों को बधाई देना चाहता हूं।'

इससे पहले बुधवार देर शाम राम लला की श्यामवर्ण प्रतिमा को क्रेन की मदद से मंदिर परिसर में लाया गया। नव्य व भव्य मंदिर में प्रतिष्ठित की जाने वाली रामलला की श्यामवर्णी प्रतिमा बुधवार को हनुमानगढ़ी से होते हुए रात्रि आठ बजे राम मंदिर में पहुंची। इस दौरान भक्तों ने जय सिया राम और जय श्रीराम का उद्घोष किया। इसके बाद इस प्रतिमा को गर्भगृह में रखा गया। आज और कल के अनुष्ठान में इस प्रतिमा को गर्भगृह में स्थापित किया जाएगा।

## रामलला दर्शन योजना: सात फरवरी को दुर्ग से रवाना होगी पहली ट्रेन, हर साल अयोध्या जाएंगे 20 हजार श्रद्धालु

श्रीकंचनपथ न्यूज



**रायपुर।** अयोध्या में भगवान राम की प्राण प्रतिष्ठा की तैयारी जोरों पर है। 22 जनवरी को श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा होगी। अयोध्या में श्रीराम लला की प्राण प्रतिष्ठा की तैयारियों छत्तीसगढ़ में भी हो रही हैं। छत्तीसगढ़ सरकार अपने वादे के अनुसार 'मोदी की गारंटी' क एक और वादा पूरा कर रही है। घोषणा पत्र में सरकार ने रामलला दर्शन योजना की घोषणा की थी जिसके तहत हर साल 20 हजार श्रद्धालुओं को रामलला के दर्शन कराए जाएंगे। अब पहली यात्रा की तिथि सामने आ गई है। 7 फरवरी को दुर्ग रेलवे स्टेशन से पहली ट्रेन रवाना होगी।

सीएम विष्णुदेव साय ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी की गारंटी से जुड़े संकल्प पत्र में रामलला दर्शन से जुड़ी एक योजना भी है। 22 तारीख को अयोध्या राम मंदिर में भगवान राम विराजित हो रहे हैं। योजना के तहत लोगों को छत्तीसगढ़ से अयोध्या तक ट्रेन से भेजा जाएगा। सात फरवरी को पहली ट्रेन रवाना की जाएगी। इस योजना को छत्तीसगढ़ पर्यटन मंडल लागू करेगा और बजट पर्यटन विभाग को उपलब्ध कराया जाएगा। हर साल लगभग 20 हजार यात्रियों को अयोध्या यात्रा पर ले जाया जाएगा।

छत्तीसगढ़ राज्य के मूल निवासी 18 से 75 आयु वर्ग के जो जिला मेडिकल बोर्ड की ओर से स्वास्थ्य परीक्षण में सक्षम पाए जाएंगे उन्हें यात्रा की पात्रता होगी। दिव्यांगजनों के लिए यथासंभव उनके परिवार से कोई एक सदस्य साथ में रहेंगे। प्रथम चरण में 55 वर्ष से ऊपर के यात्रियों को यह सुविधा उपलब्ध होगी। इसके बाद अन्य आयु वर्ग के लोगों को भी यह सुविधा मिलेगी। प्रत्येक जिले में कलेक्टर की अध्यक्षता में श्री रामलला दर्शन समिति बनायी जाएगी। प्रत्येक समिति की ओर से अनुपातिक कोटा के अनुसार हितग्राहियों का चयन किया जाएगा।

इस यात्रा की दूरी लगभग 900 किलोमीटर होगी। इसके लिए भारतीय रेलवे केटरिंग एवं टूरिज्म कार्पोरेशन (आईआरसीटीसी) के साथ छत्तीसगढ़ मंडल से एमओयू किया जाएगा। आईआरसीटीसी की ओर से यात्रा के दौरान यात्रियों को सुरक्षा, स्वास्थ्य, भोजन, स्थलों के दर्शन, स्थानीय परिवहन और एस्कार्ट की व्यवस्था की जाएगी। हितग्राहियों को उनके निवास से निर्धारित रेलवे स्टेशन तक लाने एवं वापस ले जाने की व्यवस्था संबंधित जिला कलेक्टर की ओर से जाएगी। इसके लिए उन्हें बजट उपलब्ध कराया जाएगा। प्रत्येक जिले से यात्रियों के साथ एक सक्षम शासकीय अधिकारी अथवा एक छोटा दल भेजा जाएगा।


यात्री दुर्ग-रायपुर, रायगढ़ एवं अंबिकापुर से रेल से गन्तव्य स्थल के लिए रवाना होंगे। यात्रा का मूल गन्तव्य अयोध्या धाम रहेगा। इसके अलावा वाराणसी में एक दिन का रात्रि विश्राम, काशी विश्वनाथ मंदिर एवं कॉरीडोर और गंगा आरती का दर्शन का लाभ भी यात्रियों को मिल सकेगा। भविष्य में ट्रेन की उपलब्धता अनुसार यात्रियों की संख्या में वृद्धि की जा सकेगी।






## छह दिवसीय व्यापार मेले का रंगारंग शुभारंभ आज, प्राण प्रतिष्ठा को लेकर सांस्कृतिक कार्यक्रम खीचेंगी लोगों का ध्यान

श्रीकंचनपथ न्यूज



**मुंगेली।** स्टार्स ऑफ टुमारो वेलफेयर सोसायटी मुंगेली द्वारा मुंगेली व्यापार मेला का आयोजन किया जाता है। 8वें वर्ष का आयोजन 18 जनवरी से वीर शहीद धनंजय सिंह स्टेडियम में शाम सात बजे भव्य व रंगारंग कार्यक्रम के साथ शुभारंभ होगा। 6 दिवसीय मुंगेली व्यापार 18 जनवरी से 23 जनवरी तक आयोजित होगा। मुंगेली व्यापार मेला लोगों के लिए आकर्षण का केंद्र रहता है। लोग इसे मुंगेली का त्यौहार जैसे नाम से जानने लगे हैं ।

स्टार्स आफ टूमारो टीम के संयोजक रामपाल सिंह ने बताया कि- 'मेले की पूरी तैयारी हो चुकी हैं। हमारी टीम लोगों की अपेक्षाओं के अनुरूप बेहतर करने की कोशिश करती है। 22 जनवरी को अयोध्या में प्रभु श्री राम की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा होगी और पूरे देश में उत्सव का वातावरण है। स्टार्स ऑफ टुमारो की टीम भी लोगों को भावनाओं का पूरा ध्यान रखेगी। हमारा प्रयास भी वातावरण को राममय करने का रहेगा। इसके साथ ही सांस्कृतिक कार्यक्रम लोगों का ध्यान अपनी ओर खींचेगी।

## संपादकीय

# एक और सर्जिकल स्ट्राइक

पाकिस्तान पर एक और सर्जिकल स्ट्राइक हुई है। इस बार यह हमला ईरान की तरफ से हुआ है और पाकिस्तान के खिलाफ उसके आरोप भी वही हैं, जो भारत के थे। ईरान का दावा है कि उसके मिसाइलों और ड्रोन ने पाकिस्तान के बलूचिस्तान इलाके में जैश-अल-अद्ल नाम के आतंकी संगठन के ठिकानों को ध्वस्त कर दिया है। पिछले महीने इस संगठन के आतंकियों ने ईरान के सिस्तान इलाके में घुसकर एक पुलिस स्टेशन पर हमला किया था। इस हमले में 11 ईरानी पुलिस अधिकारी मारे गए थे। ईरान की तरफ से यह तो नहीं कहा गया कि यह हमला उसी वारदात का बदला लेने के लिए किया गया है, लेकिन इससे यह तो स्पष्ट है कि ईरान के सब्र का बांध टूट गया और अब उसे सबक सिखाने के अलावा कोई और रास्ता नहीं समझ में आया। पिछले कुछ सप्ताह में इसे लेकर दोनों देशों के बीच कई स्तर पर वार्ताएं चलीं, लेकिन कोई नतीजा नहीं निकला। अंतिम बातचीत मंगलवार को स्विट्जरलैंड के दावोस में चल रहे वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम के सम्मेलन के दौरान हुई। वहां ईरान के विदेश मंत्री हुसैन आबिद अब्दल्लाह और पाकिस्तान के कार्यवाहक प्रधानमंत्री अनवारुल हक के बीच क्या बातचीत हुई, यह तो नहीं पता चल सका, लेकिन बुधवार की सर्जिकल स्ट्राइक से साफ है कि यह बातचीत न सिर्फ बेनतीजा रही, बल्कि तनाव कम करने में भी नाकाम रही। इस हमले के बाद पाकिस्तान अब तकरीबन वही तर्क दे रहा है, जो उसने बालाकोट के समय दिए थे या फिर तब दिए थे, जब ऐबटाबाद में अमेरिका के नेवी सील कमांडो ने ओसामा बिन लादेन को मार गिराया था। भले ही सभी देश सर्जिकल स्ट्राइक न कर रहे हों, लेकिन आतंकवादियों को शह देने के मामले में पाकिस्तान के सभी पड़ोसी उस पर आरोप लगाते रहे हैं। भारत और ईरान का मामला हम देख ही चुके हैं, आजकल इसी मसले को लेकर डूरंड लाइन के दोनों ओर अफगानिस्तान और पाकिस्तान में भी ठनी हुई है। इस समय इन दोनों देशों के रिश्ते जितने खराब हैं, उतने पिछले एक दशक में कभी नहीं रहे। अफगानिस्तान का आरोप है कि पाकिस्तान के आतंकवादी उसके लिए लगातार परेशानियां खड़ी करते रहते हैं। आज पाकिस्तान व चीन के रिश्ते भले ही अच्छे नजर आते हों, पर चीन भी पाकिस्तान पर उइगर आतंकवादियों को शह देने के आरोप लगाता रहा है। यह बात अलग है कि दुनिया के मौजूदा भू-राजनीतिक समीकरण में दोनों देशों के सामने एक-दूसरे के साथ खड़े होने की मजबूरी है। दुनिया भर के विशेषज्ञ ईरान के इस हमले के पीछे कुछ और समीकरण भी देख रहे हैं। ईरान ने पिछले कुछ दिनों में ही तीन देशों पर इस तरह के हमले बोले हैं। ये देश हैं- इराक, सीरिया और पाकिस्तान। कुछ विश्लेषक इसमें इजरायल-हमास युद्ध के बाद की ईरान की हताशा भी देख रहे हैं। तीनों ही जगह इन हमलों का कारण सुन्नी चरमपंथी समूहों द्वारा ईरान को निशान बनाना बताया जा रहा है। इस हमले ने पाकिस्तान को चाहे-अनचाहे पश्चिम एशिया के सत्ता-संघर्ष का हिस्सा बना दिया है। उस पाकिस्तान को, जो विभाजन के बाद से लगातार खुद को भारतीय उप-महाद्वीप की संस्कृति से जोड़ने के बजाय पश्चिम एशिया से जोड़ने की कोशिश करता रहा है। भले ही पाकिस्तान की गिनती दुनिया की परमाणु ताकतों में होती हो, लेकिन हर बार की तरह इस बार भी वह सर्जिकल स्ट्राइक के सामने असहाय खड़ा दिख रहा है।

> “ अफगानिस्तान का आरोप है कि पाकिस्तान के आतंकवादी उसके लिए लगातार परेशानियां खड़ी करते रहते हैं। आज पाकिस्तान व चीन के रिश्ते भले ही अच्छे नजर आते हों, पर चीन भी पाकिस्तान पर उइगर आतंकवादियों को शह देने के आरोप लगाता रहा है।

## बिन सत्ता के नेता कैसे रहे कांग्रेस में ?

जब भी कांग्रेस का कोई नेता पार्टी छोड़ता है तो उसे नए और पुराने की बाइनरी में देखा जाता है। इसके अलावा दूसरे पहलुओं पर देखने की जहमत नहीं उठाई जाती है। पीढ़ियों के संघर्ष की बाइनरी चूंकि बहुत सुविधाजनक है इसलिए इस पहलू से देख कर मामले को हर बार रफा-दफा कर दिया जाता है। इसमें एक फायदा यह भी है कि इस पहलू से देखने पर राहुल गांधी के ऊपर निशाना साधना आसान हो जाता है, जो भारतीय जनता पार्टी की राजनीति के बहुत अनुकूल होता है। ऐसे नेता, जिनका कांग्रेस से मोहभंग नहीं हुआ है या वैचारिक-राजनीतिक कारणों से भाजपा में नहीं जाना चाहते हैं, लेकिन राहुल गांधी को पसंद नहीं करते हैं या उनको लगता है कि उनका राजनीतिक करियर राहुल की वजह से खत्म हो रहा है वे कांग्रेस की कमजोरी या किसी नेता के पार्टी छोड़ने की घटना को नए और पुराने के परिप्रेक्ष्य में व्याख्यायित करते हैं और मीडिया व सोशल मीडिया को राहुल पर हमला करने का मौका मुहैया कराते हैं।

तभी जब मिलिंद देवड़ा ने कांग्रेस छोड़ी तो निशाने पर राहुल गांधी आए। समूचा सोशल मीडिया ऐसी पोस्ट से भरा है, जिसमें राहुल पर हमला किया गया है। एक पुरानी तस्वीर शेयर की जा रही हैं, जिसमें मिलिंद देवड़ा के साथ जितिन प्रसाद, ज्योतिरादित्य सिंधिया, आरपीएन सिंह और सचिन पायलट खड़े हैं। इनमें से पायलट के अलावा बाकी चार कांग्रेस छोड़ चुके हैं। तीन अभी भाजपा के साथ हैं और मिलिंद देवड़ा भाजपा की सहयोगी शिव सेना में शामिल हुए हैं। सचिन पायलट ने भी बगावत कर ही दी थी लेकिन उनको सिंधिया की तरह कामयाबी नहीं मिली तो वे कांग्रेस में ही रह गए और अब उसी में अपनी जगह तलाश रहे हैं। कहा जा रहा है कि राहुल गांधी की गलती थी कि उन्होंने ऐसे युवराजों को आगे बढ़ाया और उन्हें केंद्र में मंत्री बनवाया। तथ्यात्मक रूप से यह सही है कि राहुल की तरह ही ये सभी युवराज थे और इनको बहुत कम उम्र में केंद्र में मंत्री बना दिया गया था। लेकिन इन तथ्यों की अभी जो व्याख्या हो रही है वह व्याख्या 2009 में नहीं हो रही थी। तब इसे राहुल गांधी का मास्टरस्ट्रोक कहा जा रहा था कि उन्होंने चुपचाप कांग्रेस के अंदर नेताओं की दूसरी लाइन तैयार कर दी। इसके लिए राहुल गांधी की तारीफ हो रही थी कि उन्होंने नए और युवा नेताओं को आगे किया है। अलग अलग समय की कसौटी पर दोनों व्याख्याएं सही प्रतीत होंगी। लेकिन उस समय जो मास्टरस्ट्रोक था आज वह ऐतिहासिक भूल है। सर्वकालिक सही साबित होने वाले फैसले आमतौर पर राजनीति में कम होते हैं और व्यक्तियों के मामले में तो और भी कम होते हैं। बहरहाल, अगर कांग्रेस नेताओं के पार्टी छोड़ने के घटनाक्रम को नए और पुराने की बाइनरी में देखेंगे तो सवाल उठेगा कि अगर पार्टी के भीतर नए और पुराने का विवाद चल रहा है और राहुल गांधी पुराने नेताओं को किनारे कर रहे हैं तो फिर नए नेताओं के पार्टी छोड़ने की बात को कैसे जस्टिफाई करेंगे? दूसरी ओर अगर यह कहा जाता है कि पुराने नेताओं ने पार्टी पर कब्जा रखा है, जिससे नए नेताओं को अवसर नहीं मिल रहा है तो फिर पुराने नेताओं के पार्टी छोड़ने का क्या तर्क होगा? ध्यान रहे पार्टी छोड़ने वालों में अगर ज्योतिरादित्य सिंधिया, जितिन प्रसाद, आरपीएन सिंह और मिलिंद देवड़ा जैसे नए नेता हैं तो कैप्टेन अमरिंदर सिंह, गुलाम नबी आजाद, सुनील जाखड़ जैसे पुराने नेता भी हैं। इसलिए यह सिर्फ नए और पुराने का संघर्ष या पार्टी के आंतरिक मतभेद का मामला नहीं है। ये सिर्फ सतह पर दिखने वाली चीजें हैं। असली कारण कुछ और है। असल में कांग्रेस को एकजुट रखने और नेताओं को जोड़े रखने वाली सत्ता की गोंद सूख रही है। कांग्रेस इससे पहले कभी लगातार 10 साल तक केंद्र की सत्ता से बाहर नहीं रही और न राज्यों की सत्ता से इतने लंबे समय तक बेदखल रही है। इसका नतीजा यह हुआ है कि नेताओं का धैर्य खत्म हो रहा है। कांग्रेस को न विपक्ष में रहने की आदत है और न विपक्ष की राजनीति करने का तरीका आता है। कांग्रेस छोड़ कर तृणमूल कांग्रेस में जाने से कई साल पहले सुष्मिता देब ने एक दिन कहा था कि कांग्रेस सत्ता में रहती है या सत्ता के इंतजार में रहती है। चूंकि इस बार सत्ता का इंतजार लंबा हो गया इसलिए कांग्रेस के नेताओं का धीरज खत्म हो गया।

> “ यह सच है कि एआई अब हमारी जिंदगी का अहम हिस्सा बन चुकी है। हमें इससे भागने की आवश्यकता नहीं है। इसका प्रभाव मानव पर, मानव समाज पर और उसकी अर्थव्यवस्था पर भी पड़ेगा। मगर ज्यादातर प्रभाव सकारात्मक होंगे, लिहाजा नकारात्मकता पर ज्यादा कान देना उचित नहीं। एआई द्वारा कई तरह के काम किए जाने के बावजूद उन कार्यों को करना मुश्किल होगा।

# कई नए अवसर पैदा करेगी एआई

पवन दुग्गल, सूचना प्रौद्योगिकी मामलों के विशेषज्ञ

एक ऐसी तकनीकी क्रांति हमारे दरवाजे पर है, जो हमारी उत्पादकता, वैश्विक विकास और आय तो बढ़ा सकती है, पर हमारी नौकरियां भी लील सकती है और असमानता की खाई चौड़ी कर सकती है।

हमजमून अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के उस विश्लेषण का है, जिसको लेकर दुनिया भर में चिंता बढ़ गई है। इस रिपोर्ट के मुताबिक, कृत्रिम बुद्धिमत्ता, यानी आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) से दुनिया भर में 40 फीसदी रोजगार प्रभावित होंगे, जबकि विकसित देशों में यह आंकड़ा 60 फीसदी तक हो सकता है। इससे जाहिर तौर पर असमानता में वृद्धि होगी। सवाल यह है कि क्या वाकई आने वाले दिन इतने भयावह होने वाले हैं?

इसकी चर्चा बाद में, पहले ऐसी रिपोर्ट की असलियत जानने का प्रयास करते हैं। दिक्कत यह है कि ऐसी रिपोर्टें किस आधार पर तैयार की जाती हैं अथवा इसके लिए किस गणित का इस्तेमाल किया जाता है, वह स्पष्ट नहीं होता। फिर, पारदर्शिता का भी अभाव रहता है। इस कारण इनके निष्कर्षों पर पूरा भरोसा नहीं बन पाता। आईएमएफ 40 फीसदी रोजगार पर खतरे की बात कह रहा है। अगर यह सही है, तो दुनिया भर में बहुत ज्यादा उथल-पुथल मच जाएगी, और कोई भी नई तकनीक समाज में इस कदर अराजकता फैला दे, यह संभव नहीं लगता। हां, 20 से 25 फीसदी नौकरियां प्रभावित हो सकती हैं, लेकिन लोगों के सामने नए विकल्प भी खूब उभरेंगे।



यह सच है कि एआई अब हमारी जिंदगी का अहम हिस्सा बन चुकी है। हमें इससे भागने की आवश्यकता नहीं है। इसका प्रभाव मानव पर, मानव समाज पर और उसकी अर्थव्यवस्था पर भी पड़ेगा। मगर ज्यादातर प्रभाव सकारात्मक होंगे, लिहाजा नकारात्मकता पर ज्यादा कान देना उचित नहीं। एआई द्वारा कई तरह के काम किए जाने के बावजूद उन कार्यों को करना मुश्किल होगा, जिसके लिए इंसानी हाथ, दिमाग, विश्लेषण और व्याख्या की जरूरत होगी। एआई को इंसानी दिमाग ने ही जन्म दिया है, तो यह मानना कि यह तकनीक मनुष्य पर हावी हो जाएगी, एक कोरी कल्पना लगती है। अलबत्ता, इसके इस्तेमाल से हम अपना जीवन कहीं अधिक सुखद बना सकेंगे।

एआई से छोटी-मोटी नौकरियों को खतरा होगा। ये वैसे काम होंगे, जिनमें बहुत ज्यादा विश्लेषण की दरकार नहीं होती। मसलन, कानूनी क्षेत्र में 'पैरालीगल', यानी सहायकों को खतरा हो सकता है। हल्के-फुल्के रिसर्च करने वाले लोग भी अपने लिए मुश्किलें देख सकते हैं। अकाउंटिंग या डाटा एंट्री करने वाले लोगों को भी एआई से दिक्कतें आ सकती हैं। एआई का तो यह प्रारंभिक स्वरूप है, जैसे-जैसे यह तकनीक विकसित होगी, अन्य क्षेत्रों में भी खतरा बढ़ता जाएगा। फिर भी, उन कामों के लिए जगह बची रहेगी, जिसके लिए इंसानी हाथ या दिमाग की दरकार होती है।

एआई की वजह से अगर नौकरियां जा रही हैं, तो नए रोजगार भी पैदा होंगे। जैसे, प्रॉम्प्ट कमांड इंजीनियरों की मांग बढ़ सकती है। ये ऐसे लोग होंगे, जो इस दिशा में काम करेंगे कि जेनरेटिव एआई की एल्गोरिदम किस तरह से बनाई जाए कि सवालों का वह सही जवाब दे या उचित खोज पेश करे। इसी तरह, विकसित एआई का सदुपयोग किस तरह से हो, उसकी सीमा क्या तय की जाए या मानव जीवन के लिए वह खतरा न बने, इस बाबत भी नए रोजगार पैदा होंगे। कहने का अर्थ है कि एआई को मॉनिटरिंग करने के लिए इंसानों की ही जरूरत पड़ने वाली है। इसके अलावा, एआई को नियमबद्ध यानी रेग्यूलेट करने के काम इंसान द्वारा ही किए जाएंगे। इसके लिए किस तरह से कानूनी प्रावधान तय किए जाने चाहिए, इसको लेकर विश्लेषकों की जरूरत पड़ सकती है। स्वास्थ्य, बैंकिंग, ई-कॉमर्स जैसे तमाम क्षेत्रों में एआई का इस्तेमाल बेशक बढ़ेगा, पर उसकी निगरानी करने वालों की जरूरत भी बढ़ेगी।

एआई के खिलाफ हम आंखें बंद नहीं कर सकते। अलबत्ता, हम एआई के साथ जितना कदम मिलाकर चलेंगे, हमारे लिए उतना ही अच्छा होगा। यह समझना होगा कि जब हमने यह नई तकनीक बनाई है, तो हमारे पास ऐसी क्षमता भी है कि इससे जो नुकसान हमें होगा, उसकी भरपाई इसकी अच्छाई से कर सकेंगे।

भारत की बात करें, तो एआई का अधिकाधिक इस्तेमाल संगठित क्षेत्रों में होगा। इस कारण यहां भी निचले दर्जे के काम इसके हवाले किए जा सकते हैं। हालांकि, यह भी इस बात पर निर्भर करेगा कि कौन सा क्षेत्र कितनी उन्नत एआई का इस्तेमाल कर रहा है। कुछ नुकसान असंगठित क्षेत्र को भी हो सकता है। विशेषकर, छोटी-छोटी कंपनियों में एआई का इस्तेमाल बढ़ सकता है। हालांकि, जिस तरह से हमारी अर्थव्यवस्था मुख्यत: असंगठित क्षेत्र पर निर्भर है, उससे यह कयास गलत नहीं लगता कि एआई हमारे यहां रोजगार को बहुत ज्यादा प्रभावित नहीं करेगी। इसीलिए, जिन लोगों पर खतरा है, उनको कमर कस लेना चाहिए। वे चाहें, तो बदलते परिदृश्य में खुद को प्रासंगिक बनाए रखने के प्रयास कर सकते हैं और आधुनिक तकनीक को हमराह बना सकते हैं, ताकि आसन्न चुनौतियों से निपटने में वे सक्षम हो सकें।

इसमें सरकार की भूमिका को भी नजरंदाज नहीं किया जा सकता। लोगों पर एआई का कितना असर पड़ सकता है, इसको लेकर उसे जागरूकता अभियान चलाना चाहिए। उसे एआई को लेकर कानूनी प्रावधान भी तय करने होंगे, जिसका फिलहाल अभाव है। जाहिर है, इतना सब कुछ वह अकेले नहीं कर सकती। लिहाजा, निजी क्षेत्र को भी इस काम में आगे आना चाहिए। सार्वजनिक-निजी भागीदारी से एआई की चुनौतियां, उसके नफा-नुकसान और उसके खिलाफ खुद को मजबूत बनाने की तैयारी को लेकर लोगों को जागरूक किया जा सकता है। हालांकि, अपने यहां 'डिजिटल इंडिया ऐक्ट' लाने की तैयारी भी चल रही है, जिसमें कई अध्याय होंगे। उम्मीद है, इसमें एआई को विनियमित करने को लेकर भी एक अध्याय होगा, हालांकि इसके बारे में अभी कुछ कहना जल्दबाजी है, क्योंकि सार्वजनिक मंचों पर इस अधिनियम के प्रावधान उपलब्ध नहीं हैं। ऐसे में, हमें यही मानकर आगे बढ़ना होगा कि एआई हमारी जिंदगी में चुपके से दाखिल हो चुकी है और खुद को कुशल बनाकर ही हम इसके साथ चल सकते हैं।

**(ये लेखक के अपने विचार हैं)**

# मालदीव के मामले में धैर्य रखना ही फलदायी होगा

श्याम सरन, पूर्व विदेश सचिव

भारत और मालदीव के रिश्तों में नए तनाव की आशंका पहले से थी, क्योंकि विपक्षी पीपुल्स नेशनल कांग्रेस के नेता मोहम्मद मुइज्जू ने 'इंडिया-आउट' के नारे के साथ नवंबर 2023 का राष्ट्रपति चुनाव जीता। सत्ता संभालते ही मुइज्जू ने भारत से अपने 75 सुरक्षाकर्मियों की उस टुकड़ी को वापस बुलाने को कहा, जो वहां डोर्नियर विमान व हेलीकॉप्टरों का संचालन करते हैं। ये विमान व हेलीकॉप्टर भारत ने मालदीव को उपहार में दिए हैं, ताकि उसके विशिष्ट आर्थिक क्षेत्र (ईईजेड) और एक हजार से भी अधिक द्वीपों में आपदा राहत कार्यों की निगरानी हो सके और 'कोलंबो सिक्युरिटी कॉन्क्लेव' के तहत समुद्री सुरक्षा को मजबूती मिल सके।

मुइज्जू सरकार ने उस समझौते के नवीनीकरण से भी इनकार कर दिया है, जिसके तहत भारत ईईजेड के हाइड्रोग्राफिक सर्वेक्षण में उसकी सहायता कर रहा था। भारत की ओर से अभी तक इस पर कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया नहीं आई है, लेकिन मुइज्जू का कहना है कि भारत ने उनके अनुरोधों को स्वीकार कर लिया है। मुइज्जू इसी 8 जनवरी को चीन की चार दिवसीय यात्रा पर गए थे। मगर यात्रा की पूर्व संध्या पर एक अशोभनीय विवाद खड़ा हो गया, जब उनके तीन उप-मंत्रियों ने सोशल मीडिया पर भारतीय प्रधानमंत्री व भारतीयों के बारे में अपमानजनक टिप्पणियां पोस्ट कीं। ये टिप्पणियां प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हालिया लक्षद्वीप-दौरे की तस्वीरों के संदर्भ में थीं। इसके बाद तो सोशल मीडिया पर जंग छिड़ गई और भारतीय सेलिब्रिटीज ने मालदीव के बहिष्कार का आह्वान कर डाला। इससे मालदीव के पर्यटन उद्योग पर असर पड़ा है, क्योंकि पिछले कुछ वर्षों से इसके द्वीपों पर आने वाले पर्यटकों में भारतीयों की हिस्सेदारी सबसे अधिक है। पर यह नहीं भूलना चाहिए कि कोविड-19 महामारी से पहले वहां जाने वाले सैलानियों में चीनी नंबर



एक पर थे।

मुइज्जू की बीजिंग यात्रा के दौरान एक साझा बयान जारी किया गया, जिसमें दोनों देशों के बीच 'व्यापक रणनीतिक सहयोगात्मक साझेदारी' की घोषणा की गई है। यह बयान तीन अहम चीनी पहल में मालदीव की भागीदारी की इच्छा को दर्शाता है। ये पहल हैं- वैश्विक सभ्यता पहल, वैश्विक सुरक्षा पहल और वैश्विक विकास पहल (जीडीआई)। मालदीव ने चीनी बेल्ट ऐंड रोड पहल की परियोजनाओं का स्वागत किया है। बीजिंग ने मालदीव के घरेलू मामलों में किसी भी बाहरी हस्तक्षेप का विरोध किया है। मगर साझा बयान में दो महत्वपूर्ण बातों का उल्लेख नहीं किया गया है। इसमें पूर्व राष्ट्रपति अब्दुल्ला यामीन की 2017 की बीजिंग यात्रा के दौरान हुए विवादास्पद मुक्त व्यापार समझौते के कार्यान्वयन का जिक्र नहीं है। यह समझौता चीन के मुफीद है। दूसरी बात, इसमें उस चीनी परियोजना का भी उल्लेख नहीं है, जो साझा निगरानी स्टेशन के निर्माण से जुड़ा था। यह परियोजना चीन को हिंद महासागर के इस हिस्से में समुद्री यातायात की निगरानी के लिए सुविधाजनक स्थान प्रदान कर देती। मगर ये परियोजनाएं भविष्य में लागू की जा सकती हैं। भारत को सतर्क निगाह रखनी होगी। 7 दिसंबर, 2023 को मॉरिशस में आयोजित कोलंबो सिक्युरिटी कॉनक्लेव में मालदीव की गैर-मौजूदगी भी एक झटका है।

इन नकारात्मक घटनाक्रमों को देखते हुए भारत का दृष्टिकोण क्या होना चाहिए? एक, विदेश नीति सोशल मीडिया से प्रभावित नहीं होनी चाहिए। हम इस तथ्य को नजरअंदाज नहीं कर सकते कि आपत्तिजनक ट्वीट के लिए जिम्मेदार तीन मंत्रियों को निलंबित कर दिया गया है। दूसरा, मालदीव की संसद में भारत-हितैषी मालदीव डेमोक्रेटिक पार्टी का दबदबा है। इसके प्रतिनिधियों ने मांग की है कि भारत से आधिकारिक माफी मांगी जाए।

हाल ही में माले के मेयर-चुनाव में विपक्ष ने भारी जीत दर्ज की है, जबकि राष्ट्रपति बनने से पहले खुद मुइज्जू मेयर थे। संभव है, संसद के आगामी चुनाव में भारत समर्थक ताकतें जीत जाएं। भारत को ऐसा कुछ नहीं करना चाहिए कि ये ताकतें कमजोर पड़ें। मालदीव रणनीतिक रूप से भारत के लिए इतना अहम तो है ही कि वह वहां के घटनाक्रमों पर अपने शब्दों और कार्यों पर सचेत विचार कर सकता है। इसमें धैर्य फलदायी होगा।

**(ये लेखक के अपने विचार हैं)**

# अमेरिकी विरोध के बावजूद हसीना की ताजपोशी

जी. पार्थसारथी

यूं तो भारत अपने पड़ोसियों के आंतरिक मामलों के बारे में टिप्पणी करने से बचता है, लेकिन जब बात अपने कुछ पड़ोसी मुल्कों के आंतरिक मामलों को लेकर अमेरिका के रवैये की आए, तो उसके साथ मतभेदों की संभावना बनी रहती है। पाकिस्तान ने एक लंबा अरसा सैन्य शासन के अधीन गुजारा है। अमेरिका ने फील्ड मार्शल अयूब खान से लेकर जनरल याह्या खान, जनरल परवेज़ मुशर्रफ तक, सैन्य शासकों पर वरदहस्त बनाए रखा। पाकिस्तान के वर्तमान सेनाध्यक्ष जनरल असीम मुनीर के हालिया अमेरिका दौरे पर, वाशिंगटन पहुंचने पर उन्हें हाथों-हाथ लिया गया, हालांकि पाकिस्तान में आगामी 8 फरवरी को आम चुनाव होने जा रहे हैं। मुनीर उन जनरल बाजवा के जानशीन हैं, जिनकी अमेरिका के साथ निजी तौर पर बहुत नजदीकियां रही। यह कोई रहस्य नहीं कि अमेरिका जब मर्जी हो पाकिस्तान की निर्वाचित सरकार को दरकिनार कर पाकिस्तानी सेना के साथ सीधा संपर्क कर लेता है। तय मानकर चलिए, पाकिस्तानी सेना द्वारा किए तख्तापलटों को अमेरिकी सैन्य प्रतिष्ठान का अनुमोदन रहा है।

अमेरिका के एक के बाद आये राष्ट्रपतियों के साथ पाकिस्तान के सैन्य शासकों के गर्माहट भरे संबंध रहे हैं। पाकिस्तान के साथ उक्त व्यवहार के बरअक्स, अमेरिका के बांग्लादेश से रिश्ते बनिस्बत कम गर्मजोशी या मित्रतापूर्ण रहे हैं। यह उस वक्त अधिक स्पष्ट हो जाता है जब बांग्लादेश में आवामी लीग, जिसकी स्थापना मुल्क के संस्थापक राष्ट्रपिता शेख मुजीब-उर-रहमान ने की थी, ने हालिया चुनाव में लोकतांत्रिक ढंग से चुनाव जीतकर लगातार दूसरी बार सरकार बनाई है। गौरतलब है, 1971 में बांग्लादेश को आज़ादी मिलने के बाद, विभिन्न कारणों से अमेरिका बांग्लादेश में धार्मिक कट्टरपंथ की ओर झुकाव रखने वाले दक्षिणपंथी राजनीतिक दलों को समर्थन देता आया है, जैसे कि जनरल जिया-उर-रहमान द्वारा बनाई बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी। अमेरिका का उसके प्रति रवैया धर्मनिरपेक्ष बांग्लादेश आवामी लीग को लेकर रहे रुख के विपरीत है।



अभी भी, बांग्लादेश को लेकर अमेरिकी नीति में कोई बदलाव नहीं है। शेख हसीना की सरकार द्वारा करवाए हालिया आम चुनावों को लेकर अमेरिका ने काफी प्रचार चलाया। इसमें कोई शक नहीं कि वर्तमान में बांग्लादेश में शेख हसीना सबसे लोकप्रिय राजनेता हैं। जहां तक भारत का संदर्भ है, बेगम खालिदा ज़िया के नेतृत्व वाली बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी का भारत के प्रति रवैया कम मित्रतापूर्ण रहा है। शेख मुजीब की हत्या को लेकर बहुत से सवाल अनुत्तरित हैं, जबकि स्वयं श्रेय लेने वाले दो हत्यारे, अमेरिका और कनाडा में आराम से रह रहे हैं। भारत को अब अपने विदेश संबंधों में नई चुनौतियां दरपेश हैं। हमें जहन में रखना होगा कि अमेरिका का यह बहुप्रचारित दावा कि वह लोकतंत्र को बढ़ावा देने में पहरुआ है, सबके लिए एक-समान नहीं है। इसी बीच, पाकिस्तान की सेना विपक्षी नेताओं से सांठ-गांठ करके खेल रच रही है ताकि तहरीक-ए-इंसाफ पार्टी के मुखिया इमरान खान को इस्लामाबाद में सत्ता के गलियारों से दूर रखा जाए। चूंकि इमरान खान को अमेरिकी भी खासतौर पर पसंद नहीं करते लिहाजा किनारे होना ही है। हालांकि जुल्फिकार अली भुट्टो द्वारा स्थापित पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी को आरंभिक वर्षों में पश्चिम में शक की निगाह से देखा जाता था। वह उन्हें चीन-परस्त वामपंथी मानता था। उनकी पुत्री बेनजीर भुट्टो को इस राजनीतिक झुकाव को लेकर रहा अमेरिकी शक दूर करने को बहुत मशक्कत करनी पड़ी और सत्ता संभालने से पूर्व इसमें कुछ सफलता मिली।

इसी बीच, पाकिस्तान को आतंकी गुटों का प्रायोजन करने से पहले अब बहुत सावधानी से विचार करना पड़ेगा। संयुक्त राष्ट्र द्वारा अब यह साफकर दिया गया है, लश्कर-ए-तैयबा सरगना हाफिज सईद, जो कि 26/11 के मुम्बई आतंकी हमले का मास्टरमाइंड था, उसे 78 साल का कारावास भुगतने की सजा सुनाई गई है, जिस पर 2020 से अमल जारी है। उस पर आतंकवाद को वित्तीय मदद देने का दोष है। हालांकि देखना यह है कि क्या वाकई वह जेल में है या फिर पहले की तरह आईएसआई के संरक्षण में फर्जी हिरासत में आरामदायक जिंदगी बसर कर रहा है। लेकिन लगता है कि पाकिस्तान को आईंदा लश्कर-ए-तैयबा जैसे गुटों को प्रायोजित करने से पहले बहुत सावधानी बरतनी पड़ेगी। उम्मीद है पाकिस्तान को अब यह बात समझ भी आ चुकी होगी कि भारत तैयार है और हाफिज सईद जैसों को पुन: मदद करने की एवज में बहुत बड़ी कीमत चुकाने का पूरा इंतजाम कर देगा।

जब जनरल ज़िया उल हक ने जुल्फिकार अली भुट्टो का तख्तापलट कर फांसी पर लटकवा दिया तो अमेरिका को जरा हमदर्दी न हुई। अफगानिस्तान में काबिज सोवियत सेना का जीना दूभर करने और अंतत: शर्मिंदगी भरा पलायन करवाने में जनरल जिया ने अमेरिका का पूरा साथ दिया। इसके बदले पेंटागन ने पाकिस्तान को इनाम स्वरूप एफ-16 लड़ाकू जहाज और अन्य सैन्य उपकरणों की भरपूर खेप दी थी।

आर्थिक लिहाज से, पाकिस्तान के हाथ में पहले की भांति भीख का कटोरा है, जो अपने गुजारे के लिए अमेरिका-अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष-विश्व बैंक की खैरात पर बेतरह निर्भर है। हालांकि चीन पाकिस्तान का मुख्य मददगार बना हुआ है और उसे परमाणु एवं रिवायती सैन्य उपकरण मुहैया करवा रहा है। पाकिस्तान के परमाणु और मिसाइल विकास कार्यक्रम के लिए चीन डिजाइन और धन देकर सहायता देता आया है। अब वह पाकिस्तान के बुनियादी ढांचे को विकसित करने के लिए बहुत अधिक मदद कर रहा है, जिसके तहत बनने वाले तंत्र में बहु-प्रचारित 'बेल्ट एंड रोड इनिशिएटिव' परियोजना एक है। तथापि ऐसा विरल है कि चीन ने रियायती दरों पर पाकिस्तान की नकदी से मदद की हो, जिसकी पाकिस्तान को सख्त जरूरत है। इतना ही नहीं, अमेरिका खुद के वैश्विक परमाणु निरस्त्रीकरण का अलम्बदार होने का दावा करता है लेकिन चीन-पाकिस्तान के बीच परमाणु अस्त्र एवं मिसाइल सहयोग पर आंखें मूंद रखी हैं। ये वो हकीकतें है जिन्हें भारत को सदा अपने जहन में रखना होगा। भारत और अमेरिका का वर्तमान में उभयनिष्ठ हित हिंद महासागर और दक्षिण प्रशांत क्षेत्र में चीन की बढ़ती ताकत और दबंगता से निपटने में है। पिछले कुछ सालों में, अमेरिका के साथ भारत के मतभेदों में एक है, पाकिस्तान में कुछ राजनीतिक दलों या पक्षों के प्रति उसका पक्षपाती रवैया, विशेषकर पाक सेना के मामले में। इससे 1971 के युद्ध की नाखुशगवार यादें ताजा हो उठती हैं।

स्टेशन रोड, इंदिरा मार्केट, दुर्ग के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करे:-
9827806026,
7869620239

Sargam Musicals
Deals in All Kinds of Musical Instrument Sales & Repair
DURG:- Near Tarun Adlabs Station Road, Durg (C.G.) Durg, Ph. 2330588, 9826660688
RAIPUR:- Near Manju Mamta Reaustaurant, M.G. Road Raipur. Ph. 4013288, 9303876196

गंजेपन से मुक्ति मात्र 1 घंटे में
COMPLETE FAMILY SALON
हेयर रिप्लेसमेंट, 100% संतुष्टि की गारंटी
पहले बाद में
JITU'Z CUT N SHINE
93009-11331
रंगोली बेंगल्स के सामने, जयसवाल इलेक्ट्रानिक के बाजू में इंदिरा मार्केट, स्टेशन रोड, दुर्ग (छ.ग.)






# श्रीकंचनपथ
छत्तीसगढ़



इनकम TAX
ITR फाईल
बनवायें मात्र 500/- में
TDS, GST, TAX Expert
सम्पर्क- शेखर गुप्ता
9300755544
onlytds@gmail.com WWW.ONLYTDS.COM




## खास खबर

### गरियाबंद जिले में निरंतर जारी है विकसित भारत संकल्प यात्रा

**गरियाबंद।** केन्द्र सरकार द्वारा संचालित लाभार्थी एवं जनकल्याणकारी योजनाओं को आमजन तक सीधे पहुंचाने एवं छूटे हुए हितग्राहियों को केन्द्र शासन की योजनाओं से जोडऩे के लिए विकसित भारत संकल्प यात्रा अंतर्गत जिले के सभी ग्राम पंचायतों में लगातार कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में आज संकल्प यात्रा की प्रचार-प्रसार मोबाईल वैन आज गरियाबंद विकासखंड के ग्राम छिंदौला और बरबाहरा पहुंची। कार्यक्रम में 'विकसित भारत संकल्प यात्रा' प्रचार रथ के ग्राम में आगमन होने पर महिलाओं तथा ग्रामीणों द्वारा उत्साह से स्वागत किया गया। मोबाईल वैन के माध्यम से ग्रामीणों को केन्द्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की विस्तार से जानकारी दी गई और केन्द्र सरकार की योजनाओं से लाभ प्राप्त कर रहे हितग्राहियों से सीधे संवाद कर प्रतिक्रिया जानी गई। वैन के माध्यम से कृषि गतिविधि, ड्रोन डेमोंस्ट्रेशन व स्वाईल हेल्थ कार्ड डेमोंट्रेशन का प्रदर्शन किया गया। कार्यक्रम स्थलों में विभिन्न विभागों द्वारा आम जनता को शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी प्रदान करने स्टॉल भी लगाया गया था। जिसमें संबंधित विभाग के अधिकारियों के द्वारा आमजनता को योजनाओं के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई तथा उसका लाभ उठाने प्रेरित किया गया। कार्यक्रम स्थल में स्वास्थ्य विभाग की टीम के द्वारा आम लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण कर नि:शुल्क दवाइयाँ भी वितरित की गई। इस दौरान केन्द्र सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के लाभार्थियों को सामग्रियों का वितरण भी किया गया। इस अवसर पर स्थानीय जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक, जनपद पंचायत गरियाबंद के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्रीमती पद्मनी हरदेल सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण जन उपस्थित थे।

### पीएम विश्वकर्मा योजना के तहत् लाभ हेतु आंनलाईन पंजीयन प्रारंभ

**बलौदाबाजार।** प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना भारत सरकार की एक महत्वाकांक्षी योजना है। कारीगरों और शिल्पकारों की पहचान विश्वकर्मा के रूप में कर उन्हें लाभ प्रदान करना। कौशल उन्नयन कार्यक्रम से जोड़कर उनका कौशल विकास करना,उन्हें आधुनिक औजार/टूल किट प्रदान करना, उन्हें सम्पाशर्विक मुक्त ऋण प्रदान करना पीएम विश्वकर्मा योजना का उद्देश्य है। जिसके अंतर्गत 18 घटकों जिसमें कारीगर, शिल्पी, बुनकरों, टेलरिंग, कारपेंटर, लोहार, शस्त्रसाज, लोहे का औजार निर्माता, ताला साज, सोनार, कुम्हार, मूर्तिकार, चर्मकार, राजमिस्त्री, टोकरी, चटाई, झाडू निर्माण, गुड़िया एवं खिलौने बनाने वाले, मालाकार, नाई, धोबी एवं मछली जाल निर्माता इत्यादि हितग्राहियों को लाभांवित किया जाना है। जिसमें हितग्राहियों का पंजीयन लोक सेवा केन्द्र (सीएससी) के माध्यम से पीएम विश्वकर्मा पोर्टल/मोबाईल एप पर, आधार आर्थेटिकेशन के माध्यम से आवश्यक दस्तावेज- आधार, मोबाईल नम्बर, बैंक विवरण, राशन कार्ड से किया जाना है। यह पंजीकरण पूर्णत: निशुल्क है। प्रथम चरण में हितग्राहियों का प्रमाणीकरण सरपंचों के माध्यम से किया जाना है। योजनांर्तत चिन्हित एवं प्रमाणित हितग्राहियों को 15 दिवसीय प्रशिक्षण दिया जायेगा जिसमें प्रति प्रशिक्षाणार्थी 500 रू. प्रतिदिन मानदेय राशि प्रदाय की जावेगी। 5 प्रतिशत रियायती ब्याज पर ऋण सहायता 18 महीने के पुनर्भुगतान के लिए पहली किश्त 1 लाख रू. मिलेगा, जरूरत पढ़ने पर 30 महीने के पुनर्भुगतान के लिए दूसरी किश्त 2 लाख रू. तक लोन दिया जायेगा।

# मैं सांसद मोहन मंडावी को रामायणी सांसद कहूंगा, वे हीरो हैं - मुख्यमंत्री साय

- पहले 48 हजार मानस वितरण कर चुके थे, आज 3 हजार मानस ग्रंथ वितरित किये गये
- मुख्यमंत्री विष्णु देव साय और विधानसभा अध्यक्ष डा. रमन सिंह ने तुलसी मानस प्रतिष्ठन समारोह में हिस्सा लेकर श्रद्धालुओं को वितरित की मानस की प्रतियां

## 51 हजार राम चरित मानस वितरण का वर्ल्ड रिकार्ड, गोल्डन बुक आफ वर्ल्ड रिकार्ड में दर्ज




श्रीकचनपथ न्यूज

**गुण्डरदेही।** अयोध्या धाम में श्रीराम मंदिर में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा की तैयारी है यहां भगवान के ननिहाल छत्तीसगढ़ में भी इसके लिए उत्सव सा माहौल है। आज बालोद जिले के गुंडरदेही में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय एवं विधानसभा अध्यक्ष डा. रमन सिंह ने भी हिस्सा लिया। मुख्यमंत्री तथा विधानसभा अध्यक्ष ने इस अवसर पर श्रद्धालुओं को रामचरितमानस का वितरण भी किया। आज यहां तुलसी मानस प्रतिष्ठान द्वारा 3000 मानस ग्रंथों का वितरण किया। इसके पूर्व 48 हजार ग्रंथों का वितरण हो चुका है।

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कांकेर सांसद मोहन मंडावी ने इस संबंध में निश्चय किया था कि 51 हजार मानस प्रति बांटकर लोगों के समक्ष श्रीराम का आदर्श अधिकाधिक संख्या में प्रसारित करेंगे। आज गोल्डन बुक आफ वर्ल्ड रिकाड्र्स की टीम ने वितरण के पश्चात इसे गोल्डन बुक आफ वर्ल्ड रिकार्ड में दर्ज किया। गुंडरदेही में रामचरितमानस को पूरी प्रतिष्ठा के साथ लाल कपड़े में बांधकर श्रद्धालुओं को सौंपा गया। श्रद्धालुओं ने इसे सिर माथे लिया। लगभग 3000 लोगों ने मानस को सिर माथे रखकर श्रीराम के जयजयकार के नारे लगाये और पूरा माहौल राममय हो गया।

इस मौके पर मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने श्रीराम की जयकार के साथ अपने संबोधन की शुरूआत की। उन्होंने कहा कि मैं कांकेर सांसद मोहन मंडावी को रामायणी सांसद कहूँगा। उन्हें हीरो कहूँगा, उन्होंने मानस वितरण को लेकर बहुत अच्छा काम किया है। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री बनने के बाद पहली बार बालोद आया, आपकी आत्मीयता के लिए आपका स्वागत करता हूँ। आज यहां 173 करोड़ रुपए से अधिक राशि का लोकार्पण भूमिपूजन किया। श्री मंडावी 2002 से मानस वितरण का कार्य कर रहे हैं। आज उन्होंने 3000 प्रतियां वितरित कर 51 हजार मानस वितरित करने का का पूरा कर लिया है। इससे पहले वे 48 हजार मानस वितरित कर चुके हैं। इसे गोल्डन बुक आफ वर्ल्ड रिकार्ड में दर्ज किया है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि श्री मंडावी ने अपना ही नहीं, छत्तीसगढ़ का नाम रोशन किया है। उन्होंने 51 हजार परिवारों में मानस पहुंचाने का काम किया है। साथ ही हर घर तुलसी चौरा हो, इसके लिए भी उन्होंने लोगों को प्रोत्साहित किया है। यह बहुत अच्छा काम है। राम चरित मानस के वितरण से बेहतर समाज के निर्माण की दिशा तय होती है। इस महती कार्य के लिए श्री मंडावी को बधाई देता हूँ। यह कार्य ऐसे शुभ समय में हो रहा है जब 22 तारीख को अयोध्या धाम में श्रीराम की प्राणप्रतिष्ठा होने वाली है। चारों ओर उत्सव का माहौल है। मकर संक्रांति से 22 जनवरी तक मंदिरों में साफसफाई का काम हम लोग कर रहे हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारा सौभाग्य है कि छत्तीसगढ़ श्रीराम का ननिहाल है। हमने अयोध्या सुगंधित चावल भेजा है। हमारे डाक्टर भी अयोध्या गये हैं ताकि श्रद्धालुओं की सेवा कर सके। छत्तीसगढ़ में बहुत गहरी खुशी इस अवसर को लेकर है। हमारी सरकार मोदी की गारंटी को पूरा करने कृतसंकल्पित है। मुझे यह बताते हुए हर्ष हो रहा है कि हमने सरकार बनते ही अठारह लाख से अधिक आवास स्वीकृत किये। सरकार बनने के अगले दिन ही हमने यह कार्य कर दिया। दो साल का बोनस भी हमने किसानों को दिया है। पीएससी 2021 में आई शिकायतों की जांच भी सीबीआई करेगी। 21 क्विंटल प्रति एकड़ धान हम खरीद रहे हैं। 3100 रुपए प्रति क्विंटल हम धान खरीद रहे हैं। महतारी वंदन योजना के अंतर्गत महिलाओं की खाते में शीघ्र ही राशि अंतरित की जाएगी। हम सभी मानस मंडलियों को सम्मानित करने का काम भी कर रहे हैं। विधानसभा अध्यक्ष डा. रमन सिंह ने कार्यक्रम में कहा कि अयोध्या धाम में भव्य श्रीराम मंदिर में श्री रामलला की प्राण प्रतिष्ठा है। यह हम सबके लिए गौरव का दिन है। तुलसी मानस प्रतिष्ठान सांसद श्री मोहन मंडावी ने मानस वितरण का जो कार्य किया है। वो बहुत प्रशंसनीय है। मानस मंडलियों द्वारा श्रीराम के आदर्शों का जिस तरह प्रचार किया जा रहा है।

वह प्रशंसनीय है। कांकेर सांसद मोहन मंडावी ने इस अवसर पर कहा कि हमने 2002 से मानस वितरण आरंभ किया। मैं शिक्षक था और यह कार्य करता था। बाद में भी पद से इस्तीफा देने के बाद काम जारी रखा। मानस के श्लोकों के साथ उन्होंने श्रीराम के आदर्शों को जनता के समक्ष रखा। उल्लेखनीय है कि सांसद श्री मंडावी ने यह निश्चय किया था कि श्री राम चरित मानस का अधिकतम प्रसार करेंगे ताकि श्रीराम के आदर्शों से लोग अधिकतम संख्या में प्रभावित हो सके। इसके बाद उन्होंने लगातार मानस का वितरण आरंभ किया। गोल्डन बुक आफ वर्ल्ड रिकार्ड के अधिकारियों ने कहा कि मानस के माध्यम से लोगों की जिंदगी बदलने का बड़ा काम श्री मंडावी द्वारा किया गया है जिसका हमने परीक्षण किया है और इसे दर्ज किया है।

# आगामी राज्य बजट को लेकर प्रदेश के व्यापारियों के सुझाव एवं चर्चा के लिए मंत्री ओपी चौधरी का चेंबर में आगमन हुआ

श्रीकचनपथ न्यूज




**रायपुर।** छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के प्रदेश अध्यक्ष अमर पारवानी, महामंत्री अजय भसीन, कोषाध्यक्ष उत्तमचंद गोलछा, कार्यकारी अध्यक्ष राजेंद्र जग्गी, विक्रम सिंहदेव, राम मंधान, मनमोहन अग्रवाल ने बताया कि आज दिनांक 17 जनवरी 2024 को चेम्बर प्रदेश अध्यक्ष अमर पारवानी के नेतृत्व में चेंबर प्रतिनिधि मंडल सहित व्यापारिक संगठन, चेंबर इकाईयों ने आगामी बजट से संबंधित सुझाव कैबिनेट मंत्री छत्तीसगढ़ शासन माननीय ओ.पी.चैधरी को दिये।

चेंबर भवन में ओपी चौधरी के प्रथम आगमन पर व्यापारियों द्वारा बड़ी धूमधाम से उनका स्वागत सत्कार किया गया। श्री पारवानी ने बताया कि नवनिर्वाचित कैबिनेट मंत्री (वित्त, वाणिज्य, आवास एवं पर्यावरण, योजना एवं सांख्यिकी विभाग) ओपी चैधरी का चेंबर भवन में पहली बार आगमन हुआ जहां बड़ी संख्या में प्रदेश भर के व्यापारी संगठन प्रमुख, चेंबर इकाई प्रमुख एवं व्यापारीगण ने धूमधाम से उनका स्वागत किया। इस अवसर पर रजत बंसल (आईएएस), राज्य कर आयुक्त, एवं प्रमोद दुबे, सभापति, नगर पालिक निगम रायपुर उपस्थित रहे। कार्यक्रम में कैबिनेट मंत्री माननीय ओपी चैधरी जी का गजमाला एवं वहां उपस्थित समस्त व्यापारीगण द्वारा गुलाब का फूल भेंट कर स्वागत किया गया। श्री पारवानी ने आगे बताया कि चेंबर प्रतिनिधि मंडल सहित व्यापारिक संगठन, चेंबर इकाईयों ने आगामी बजट 2024-25 से संबंधित सुझाव दिए थे जिसका ज्ञापन कैबिनेट मंत्री छत्तीसगढ़ शासन माननीय श्री ओ.पी. चैधरी जी को सौंपा गया जो निम्नानुसार है:- एकल खिड़की प्रणाली संबंधी सुझाव, कृषि आधारित उद्योग के विकास संबंधी, अधिसूचित औद्योगिक क्षेत्र को नगरीय निकाय सीमा क्षेत्र से बाहर रखकर नई, औद्योगिक नीति के तहत इंडस्ट्रीयल टाऊनशिप घोषित किया जावे।, नई औद्योगिक पॉलिसी 2024 29 के संबंध में सूक्ष्म लघु उद्योगों के लिए विशेष नीतियां लाने संबंधी, आईटी सेक्टर से संबंधित एजुकेशन हब बनाने बाबत। प्रदेश में स्मार्ट टूरिज्म को बढ़ावा देने एवं पर्यटन के क्षेत्र में नवीन रोजगार उत्पन्न करने संबंधी, रायपुर स्थित डूमर तराई एवं बिलासपुर स्थित व्यापार विहार के तर्ज पर होलसेल कॉरिडोर की स्थापना हेतु, प्रदेश के माध्यम एवं लघु क्षेत्र के दुकानदार एवं उद्योगों को बिजली बिल में छूट एवं सोलर सब्सिडी बढ़ाने हेतु, लघु सूक्ष्म एवं मध्यम वर्ग के व्यापारियों को बैंक से रियायती दर पर ऋण उपलब्ध कराने बाबत, प्रदेश में ईंधन पर लगने वाले वेट में 5: की छूट हेतु, प्रदेश के प्रत्येक जिले में प्रमुखता से फूड पार्क एवं कोल्ड स्टोरेज के निर्माण हेतु, प्रदेश में ऑटो एक्सपो के आयोजन के संबंध में, प्रदेश में लग रहे यूजर चार्ज को कम करने एवं स्वच्छता हेतु विशेष प्रावधान, श्रम कानून को सहज एवं सरल बनाने हेतु, प्रदेश के व्यवसाय एवं व्यापारियों के लिए इंश्योरेंस पेंशन जैसी नवीन योजना लाने बाबत, पूरे प्रदेश में संपत्ति कर में 50 : तक छूट देने बाबत, प्रदेश के उद्योग एवं संशोधन 50 सूक्ष्म एवं लघु मध्यम उद्योगों की श्रेणी को वर्गीकृत करने बाबत इसके साथ ही उद्योग चेम्बर, राडा, फ्लाई ऐश ब्रिक्स सहित अनेक संगठनों ने भी बजट हेतु ज्ञापन दिये।

# मंत्री नेताम ने तातापानी में यातायात नियमों की जानकारी के महोत्सव का किया शुभारंभ

श्रीकचनपथ न्यूज



**रायपुर।** राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह 2024 के अवसर पर अनुसूचित जाति विकास मंत्री रामविचार नेताम द्वारा बलरामपुर-रामानुजगंज जिले के तातापानी में यातायात नियमों की वृहद जानकारी के महोत्सव का शुभारंभ किया। उन्होंने प्रदेश के समस्त नागरिकों से यातायात नियमों का पालन करने की अपील की। राज्य के विभिन्न जिलों में ग्राम चौपाल, सीट-बेल्ट, हेलमेट लगाने की प्रेरणा सहित सड़क सुरक्षा के अनेक कार्यक्रम आयोजित किये गए। राज्य के विभिन्न जिलों के 104 मुख्य प्रशिक्षकों को सड़क दुर्घटना की स्थिति में घायलों की सहायता, सुगम एवं सुरक्षित यातायात हेतु पहल तथा दुर्घटनाजन्य सड़क खण्डों के समीपवर्ती क्षेत्रों में सड़क सुरक्षा जागरूकता के लिए प्रशिक्षण दिया गया। मुख्य प्रशिक्षक सड़क सुरक्षा मितान के 02 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन इंस्टीट्यूट ऑफ ड्रायविंग एण्ड ट्रैफिक्र रिसर्च ग्राम तेन्दुआ नवा रायपुर में किया गया। समापन समारोह में अध्यक्ष अंतर्विभागीय लीड एजेंसी(सड़क सुरक्षा) संजय शर्मा द्वारा पारितोषिक और प्रमाण पत्र वितरण किया गया। कार्यक्रम में प्रशिक्षित मुख्य प्रशिक्षकों द्वारा दुर्घटनाजन्य सड़क खण्डों के समीपवर्ती क्षेत्रों में रहने वाले चिन्हित स्वयंसेवी मददगार, नेक व्यक्तियों, स्थानीय जन-युवाओं के नवयुवक मंडल, महिला मंडल, मितानिन, साक्षरता अनुदेशक, एन.सी.सी.,एन.एस.एस, भारत स्काउट एवं गाईड तथा सेवानिवृत्त शासकीय अधिकारी-कर्मचारी, ब्लॉक, ग्राम स्तर पर प्रशिक्षण दिया जाएगा।

# स्वच्छ तीर्थ अभियान के तहत मंदिरों और धार्मिक स्थलों में की जा रही सफाई

श्रीकचनपथ न्यूज

अंबिकापुर। आगामी 22 जनवरी को अयोध्या में राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा की जा रही है। इस शुभ अवसर पर प्रदेश में उत्सव का वातावरण है। इसी कड़ी में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्वच्छ तीर्थ अभियान का आगाज किया है।



धार्मिक व पवित्र स्थलों को साफऔर कचरा मुक्त रखने, मंदिरों और प्रमुख तीर्थ स्थलों में कचरा प्रबंधन की व्यवस्था करने के उद्देश्य से इस अभियान की शुरुआत की गई है। जिसके तहत देशभर में 14 जनवरी से 21 जनवरी तक स्वच्छता अभियान के द्वारा मंदिरों और धार्मिक स्थलों पर सफाई किया जाना है।

इसी क्रम में कलेक्टर विलास भोस्कर के मार्गदर्शन और नगर निगम आयुक्त अभिषेक कुमार के निर्देशन में जिले में भी प्रमुख धार्मिक स्थलों में सफाई अभियान चलाया जा रहा है, जिसमें आमजन सहभागिता निभाकर उत्साह के साथ मन्दिर-देवालयों की साफ-सफाई में जुट गए हैं। बीते मंगलवार को नगर निगम अम्बिकापुर के महामाया मन्दिर, ब्रम्ह वार्ड के राम मंदिर, गांधीनगर के हनुमान मंदिर एवं साईं मन्दिर सहित अन्य स्थलों की सफाई की गई। इस स्वच्छता अभियान में जनप्रतिधि, जिला प्रशासन के अधिकारी-कर्मचारी, जनसामान्य सभी हिस्सा ले रहे हैं।

इसके साथ ही जिला प्रशासन की टीम के द्वारा लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक भी किया जा रहा है।


ॐ साईं राम
माँ पुस्तक भंडार

होलसेल में कापी-किताब एवं स्टेशनरी सामान मिलने का एक मात्र स्थान
पुरानी एवं नई पुस्तकें खरीदी व बेची जाती है
रावणभाटा, सुपेला, भिलाई (छ.ग.)
मो. 7489051024, 7770845578

Since 1972
CROWN® - TV
Choice Of Millions
LED Available 16 -20 -22 - 24 - 32-40-50-55-65

Premier sales 8959493000
A Leela Electronics 9425507772
Reena Electronics 9329132299
Shree Electronics 7000827361
CONTACT
Maa Durga Electronics 9827183839
Rohit Electronics 94242-02866
Authorised Distributers For Chhattisgarh
Trade Enquiry: 98262-52372

## खास खबर...

### चौथे दिन भी जारी रहा भाजपा का मंदिर तीर्थ क्षेत्र सफाई अभियान

**रायपुर ( ए )।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आह्वाहन पर एक सप्ताह के लिए देश के सभी मंदिरों में 14 जनवरी से भाजपा द्वारा स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के प्रभारी एवं अयोध्या रामलला दर्शन समिति के रायपुर जिला संयोजक आशू चंद्रवंशी ने बताया कि इस अभियान के चतुर्थ दिवस पर भाजपा रायपुर जिला के सभी मंडलों द्वारा शहर के अनेक मंदिरों में स्वच्छता अभियान चलाया गया। जिसमे प्रमुख रूप से कृष्णा मंदिर श्याम नगर, शिव मंदिर शिव नगर, शिव मंदिर, हनुमान मंदिर अवन्ती बाई वार्ड, बजरंग मंदिर राजा तालाब, जगन्नाथ मंदिर प्रियदर्शिनी नगर, दंतेश्वरी मंदिर कुशालपुर, राधाकृष्ण मंदिर संजय नगर, दुर्गा मंदिर संतोषी नगर, नया हनुमान बूढापारा, हनुमान मंदिर सप्रे स्कूल, दक्षिणमुखी हनुमान मंदिर, हृदयलाल मंदिर रांवाभांटा, शिव मंदिर अवन्ती बिहार, शीतला मंदिर लालपुर, शीतला मंदिर कांपा, चिंताहरण मंदिर चौबे कालोनी, राम मंदिर झंडा चौक ठक्करबापा, हनुमान मंदिर हनुमान चौक अशोक नगर, गणेश मंदिर रायपुरा एवं रायपुर के विभिन्न मंदिरों में साफ-सफाई का कार्यक्रम किया गया। जिसमे जिलाध्यक्ष जयंती पटेल, मोतीलाल साहू, पुरंदर मिश्रा, संजय श्रीवास्तव, किशोर महानंद, नलिनेश ठोकने, केदार गुप्ता, रमेश सिंह ठाकुर, सत्यम दुवा, सुभाष तिवारी, आशू चंद्रवंशी, अकबर अली, मीनल चौबे, गोपी साहू, गोवर्धन खंडेलवाल, खेम कुमार सेन व मंडल अध्यक्षगण सहित कार्यकर्ता कार्यक्रम में शामिल हुए।

### ब्राह्मण समाज ने वैवाहिक जीवन के 50 वर्ष पूरे करने वाले 11 दंपत्तियों का किया सम्मान

**रायपुर ( ए )।** कान्यकुब्ज ब्राह्मण समाज ने मकर संक्रांति पर ऐसे दम्पत्ति जिन्होंने अपने वैवाहिक जीवन के 50 वर्ष या उससे अधिक वर्ष पूर्ण कर लिए है उनका स्वर्णिम युगल दम्पत्ति सम्मान समारोह का आयोजन आशीर्वाद भवन, बैरन बाजार में प्रात: 10:30 बजे से किया। इस अवसर पर समाज के अध्यक्ष पं. अरुण शुक्ल ने बताया कि समाज के जिन वरिष्ठजनों ने अपने वैवाहिक जीवन के 50 वर्ष पूर्ण कर घर-परिवार, समाज की मान प्रतिष्ठा को कायम किया उसका अनुसरण आज की युवा पीढ़ी को करना चाहिए। उन्होंने आगे बताया कि हमें ऐसे कार्यक्रमों से सुकून मिलता है, उस समय फोटोग्राफी और मोबाइल का जमाना नही था, अत: ऐसी स्मृतियां केवल अपने मानस पटल पर ही सुरक्षित रखी जा सकती थी। मगर आज इस समारोह ने उन सभी स्मृतियों को पुनर्जीवित कर दिया। समाज के सचिव पं. सुरेश मिश्र, कार्यक्रम संयोजक- निशा अवस्थी, अर्चना मिश्रा, पं. रज्जन अग्निहोत्री ने बताया कि इस अवसर पर बुजुर्गों दम्पत्तियों के चेहरे पर खुशी के आंसू थे। सर्वप्रथम रामजानकी मंदिर से पूजा-अर्चना कर तिलक एवं पगड़ी लगाकर बैण्ड बाजे के साथ दूल्हों की बारात निकाली गई। जो बैंड बाजे के साथ भम्रण करते हुए आशीर्वाद भवन पहुंची।

### उप मुख्यमंत्री अरुण साव का बड़ा निर्णय

# विकास के लिए नगरीय निकायों को जारी किए 215 करोड़ रुपए

### उप मुख्यमंत्री तथा नगरीय प्रशासन मंत्री अरुण साव ने की प्रदेश के सभी 14 नगर निगमों के कार्यों की समीक्षा

- **सभी नगर निगम आयुक्त सुबह 6 बजे से फील्ड पर दिखें**
- **संपत्ति कर की वसूली के लिए अभियान चलाने कहा, बदले जाएंगे वर्षों से जमे आरआई और एआरआई**
- **आयुक्तों को अवैध प्लाटिंग और अवैध निर्माण पर लगाम लगाने के निर्देश**

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** उप मुख्यमंत्री तथा नगरीय प्रशासन एवं विकास मंत्री अरुण साव ने प्रदेश के सभी 14 नगर निगमों के कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने मंत्रालय में आयोजित बैठक में शहरों में विकास और सुविधाएं बढ़ाने के काम में तेजी लाने के दिए निर्देश दिए। उनकी समीक्षा बैठक के बाद विभाग ने नगरीय निकायों में विकास कार्यों के लिए 215 करोड़ रुपए की राशि जारी कर दी है।




उप मुख्यमंत्री ने बैठक में सभी नगर निगम आयुक्तों को अपनी टीम और जनप्रतिनिधियों के साथ सप्ताह में तीन दिन निर्माण और सफाई कार्यों के निरीक्षण के निर्देश दिए। उन्होंने इस पर गंभीरता से अमल करते हुए निरीक्षण के फोटो भी साझा करने को कहा। श्री साव ने सभी नगर निगमों में वार्डवार निरीक्षण के लिए नोडल अधिकारी नियुक्त करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि निरीक्षण के दौरान वे खुद भी सवेरे किसी भी दिन किसी भी नगर निगम में पहुंच सकते हैं। उन्होंने 22 जनवरी को अयोध्या में राममंदिर में प्राण प्रतिष्ठा के मौके पर शहरों के सभी वार्डों में जन सहयोग से स्वच्छता अभियान संचालित करने को कहा। नगरीय प्रशासन विभाग के सचिव डॉ. बसवराजू एस., विशेष सचिव पीएस ध्रुव, संचालक कुंदन कुमार और सूडा के सीईओ सौमिल रंजन चौबे भी समीक्षा बैठक में शामिल हुए।

उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने बैठक में सभी नगर निगमों में संपत्ति कर की वसूली के लिए अभियान चलाने को कहा। उन्होंने व्यावसायिक एवं आवासीय संपत्तियों से बकाया कर की राशि वसूलने के लिए हर बुधवार को अभियान संचालित करने के निर्देश दिए। उन्होंने संपत्ति कर के बड़े बकायादारों की सूची तैयार कर कड़ाई से इसकी वसूली करने को कहा। उन्होंने आयुक्तों को हर सप्ताह संपत्ति कर की प्राप्ति की समीक्षा करने को कहा। उन्होंने संपत्ति कर का निर्धारित लक्ष्य हासिल करने और वसूली में तेजी लाने के लिए कई सालों से एक ही स्थान पर पदस्थ सहायक राजस्व अधिकारियों और राजस्व अधिकारियों के कार्यों की समीक्षा कर आवश्यकतानुसार उन्हें बदलने के निर्देश दिए। उन्होंने नवनिर्मित कॉलोनियों और व्यावसायिक परिसरों से भी प्राथमिकता से संपत्ति कर वसूलने को कहा।

उप मुख्यमंत्री साव ने नगर निगम आयुक्तों को भविष्य की जरूरतों के अनुसार शहरों को विकसित करने और नागरिकों के लिए सुविधाएं बढ़ाने के निर्देश दिए। उन्होंने इसके लिए महापौर एवं पार्षदों के साथ समन्वय से काम करने को कहा। श्री साव ने राज्य प्रवर्तित तथा 14वें एवं 15वें वित्त आयोग की राशि से प्रगतिरत निर्माण कार्यों को यथाशीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने निर्माण कार्यों में गुणवत्ता और समय-सीमा का विशेष ध्यान रखने को कहा। उन्होंने मोबाइल वेन से निर्माण सामग्री और निर्माण की गुणवत्ता की नियमित जांच करने के साथ ही काम में देरी और लापरवाही बरतने वाले ठेकेदारों पर कार्रवाई के निर्देश दिए।

श्री साव ने शहरों में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत निर्माणाधीन आवासों को आगामी मार्च तक पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि यह केंद्र और राज्य सरकार दोनों की प्राथमिकता वाली योजना है। इनके निर्माण से गरीबों के आवास का सपना पूर्ण होने के साथ ही शहर व्यवस्थित भी होगा। उन्होंने गंदे नालों, तालाबों और उद्यानों की नियमित साफ-सफाई पर ध्यान देने को कहा। श्री साव ने अवैध प्लॉटिंग और अवैध निर्माण पर कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अवैध कॉलोनाइजर्स को केवल नोटिस जारी करने तक ही सीमित न रहें, बल्कि उनके विरूद्ध कानूनी कार्यवाही भी करें। उन्होंने सभी नगर निगमों में अनुकंपा नियुक्ति के मामलों का तत्काल निपटारा करने को कहा। श्री साव ने पीएम स्वनिधि योजना और पीएम विश्वकर्मा योजना का लाभ जरूरतमंदों तक पहुंचाना सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए। उन्होंने केंद्र एवं राज्य प्रवर्तित योजनाओं के साथ ही सभी नगर निगमों के आय-व्यय की समीक्षा कर आवश्यक निर्देश दिए।

नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के सचिव डॉ. बसवराजू एस. ने बैठक में लोगों को घर पर ही सूखा कचरा एवं गीला कचरा को अलग-अलग एकत्र करने के बारे में जागरूक करने के निर्देश दिए, ताकि इनके डिस्पोजल में आसानी हो। उन्होंने जमीन उपलब्ध होने के बाद ही निर्माण कार्यों का प्रस्ताव तैयार करने को कहा जिससे नए कार्यों को तुरंत प्रारंभ किया जा सके। उन्होंने राजस्व विभाग की टीम के साथ संपत्ति कर एवं अन्य करों की वसूली की प्रगति की हर सप्ताह समीक्षा करने के निर्देश दिए। उन्होंने सहायक राजस्व अधिकारियों और राजस्व अधिकारियों से संपत्ति कर के मूल्यांकन से छूटे नए मकानों और दुकानों का सर्वे कराने को कहा, ताकि इन जगहों से भी संपत्ति कर प्राप्त किया जा सके। सभी नगर निगमों के आयुक्तों के साथ ही अपर आयुक्त, लेखा अधिकारी एवं वरिष्ठ अभियंता भी समीक्षा बैठक में मौजूद थे।

# विकसित भारत संकल्प यात्रा: गांव-गांव में हितग्राही कर रहे केंद्र सरकार की योजनाओं से लाभ लेने आवेदन

आरंग के शिविर में कुल 65 आयुष्मान कार्ड बनाये गए और 11 लोगों को केसीसी ऋण वितरित किया गया

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** रायपुर जिले के आरंग विकासखण्ड में आज लगे शिविर में 2500 से ज्यादा प्रतिभागियों ने उपस्थित होकर केंद्र शासन की योजनाओं की जानकारी ली। आरंग के ग्राम चोरभट्टी, सकारी, तुलसी और रसौटा में आयोजित शिविर में कुल 65 आयुष्मान कार्ड बनाये गए और 11 लोगों को केसीसी ऋण वितरित किया गया।

अधिकारियों ने बताया कि शिविर के माध्यम से तुलसी ग्राम पंचायत में 6 हितग्राहियों का बैंक केवाईसी अपडेट किया गया। साथ ही तुलसी एवं रसौटा ग्राम पंचायत में 19 पशु कृषकों को सामग्री वितरित की गई। इसके अलावा 25 हितग्राहियों को उज्ज्वला योजना के अंतर्गत पंजीकृत किया गया। साथ ही 10 महिलाओं को विभिन्न क्षेत्रों में पुरस्कृत भी किया गया।

जिले में विकसित भारत संकल्प यात्रा लगातार जारी है। आरंग के साथ ही जिले में आज अभनपुर के पारागांव, कोलियारी, सुन्दरकेरा एवं तिल्दा के खमरिया, केवतरा, घिवरा और बुडेरा ग्राम पंचायतों में भी शिविर लगाकर सरकार की विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को सामग्री वितरित कर केंद्र सरकार की योजनाओं की जानकारी दी गयी। जिले में अब तक 350 से ज्यादा ग्राम पंचायतों में संकल्प यात्रा के तहत कार्यक्रम आयोजित किए गए हैं। विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत राष्ट्र के सशक्तिकरण के उद्देश्य से केंद्र सरकार की कल्याणकारी योजनाओं और नीतियों के बारे में शिविर आयोजित कर नागरिकों को जागरूक किया जा रहा है जिससे की प्रमुख सरकारी योजनाओं को शत-प्रतिशत हितग्राहियों तक पंहुचाया जा सके। वर्ष 2047 तक विकसित भारत बनाने के लक्ष्य के साथ जिले के सुदूर कोनों में आयोजित किये जा रहे शिविरों के माध्यम से न सिर्फ शासकीय विभागों द्वारा स्टाल्स लगाकर जनकल्याणकारी योजनाओं का प्रचार-प्रसार किया जाता है वरन उपस्थित जनसमूह द्वारा शपथ भी ली जाती है की वो विकसित भारत बनाने में अपना पूर्ण योगदान देंगे और 2047 तक भारत को एक विकसित राष्ट्र बनायेंगे।

## प्रदेश की एक तिहाई आबादी को पूर्ण साक्षर कर विकास की मुख्य धारा से जोड़ने का हर संभव प्रयास करें




श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** स्कूल शिक्षा विभाग के सचिव सिद्धार्थ कोमल सिंह परदेशी ने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अनुशंसा अनुसार प्रदेश में नवभारत साक्षरता कार्यक्रम की कार्य योजना प्रस्तुत कर इसे शुरू किया जाए। उन्होंने कहा कि प्रदेश के एक तिहाई आबादी को पूर्ण साक्षर कर उन्हें विकास की मुख्य धारा से जोड़ने का हर संभव प्रयास किया जाए। श्री परदेशी नवा रायपुर स्थित मंत्रालय भवन में राज्य साक्षरता मिशन प्राधिकरण की समीक्षा कर रहे थे।

स्कूल शिक्षा सचिव परदेशी ने राज्य साक्षरता मिशन के कार्य उद्देश्य को समझते हुए निर्देशित किया कि राष्ट्रीय साक्षरता मिशन के निर्देशों का पूर्णत: पालन सुनिश्चित किया जाए। उल्लेखनीय है कि प्रदेश में राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अनुशंसा के अनुसार 'नवभारत साक्षरता' कार्यक्रम स्वीकृत किया गया है। 'नवभारत साक्षरता' कार्यक्रम के तहत प्रथम चरण में प्रदेश के 5 लाख असाक्षरों को बुनियादी साक्षरता और संख्या ज्ञान कराया जाएगा। इसके अलावा जीवन कौशल के अंतर्गत वित्तीय साक्षरता, डिजिटल साक्षरता, कानूनी साक्षरता, चुनावी साक्षरता, व्यावसायिक कौशल विकास, बुनियादी शिक्षा, समतुल्यता और सतत शिक्षा का कार्यक्रम संचालित किया जाएगा।

स्कूल शिक्षा सचिव परदेशी ने एससीईआरटी में स्थापित राज्य साक्षरता केंद्र 'स्टेट सेंटर फॉर लिटरेसी' को भी साधन संपन्न बनाकर अकादमी कार्य शीघ्र शुरू करने के निर्देश दिए। उन्होंने प्रदेश में पूर्व में संचालित नवाचारी कार्यक्रम, पुस्तक वाचन अभियान, हम होंगे पांचवी पास, मुख्यमंत्री शहरी साक्षरता कार्यक्रम, आखर अंजोर, श्रेष्ठ पालकत्व कार्यक्रम की सराहना करते हुए आगे भी इन नवाचारी कार्यक्रमों और गतिविधियों को आयोजित करने के निर्देश दिए। श्री परदेशी ने कहा कि सर्वप्रथम आकांक्षी जिलों के आकांक्षी विकासखण्ड तथा जहां साक्षरता दर कम है उन जिलों के विकासखण्ड और ग्राम पंचायत को प्राथमिकता प्रदान की जाएगी। शहरी क्षेत्र के डिजिटल असाक्षरो को डिजिटल साक्षर बनाने के लिए 'गढ़बो डिजिटल छत्तीसगढ़' कार्यक्रम के लिए आवश्यक राशि की मांग का प्रस्ताव तैयार किया जायेगा। स्कूल शिक्षा सचिव परदेशी ने ऐसे चिन्हांकित क्षेत्र के स्कूलों में सामाजिक चेतना केंद्र स्थापित करने के लिए भी आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इस क्षेत्र में अच्छा कार्य करने वाले जिले, विकासखण्ड और ग्राम पंचायत को प्रोत्साहित करने राज्य स्तर पर मुख्यमंत्री अक्षर सम्मान भी आयोजित किए जाए।

# गाथा श्रीराम मंदिर की: एक संगीतमय महागाथा प्रस्तुति, श्री रामलला के ननिहाल में पहली बार सुनी और देखी जाएगी

- **श्री राम मंदिर के 500 वर्षों का इतिहास**
- **संस्कृति मंत्री बृजमोहन अग्रवाल ने 'गाथा श्रीराम मंदिर की' पोस्टर का किया विमोचन**

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** पूरे देश और दुनियाभर में प्रभु श्री राम के आने की प्रतीक्षा हो रही है। हर किसी को 22 जनवरी का बेसब्री से इंतजार है, जब अयोध्या में भगवान श्री राम 500 से अधिक वर्षों के बाद मंदिर में पुन: विराजमान होंगे। राम महोत्सव को लेकर देश भर में विभिन्न तरह के आयोजन किए जा रहे हैं। इसी के तहत भगवान श्री राम के ननिहाल छत्तीसगढ़ में भी आगामी 20 जनवरी को छत्तीसगढ़ संस्कृति विभाग के प्रयोजन से पुलिस परेड ग्राउंड में 'गाथा श्रीराम मंदिर की' का आयोजन होने जा रहा है।



इस गाथा में 500 साल पहले आक्रांताओं द्वारा मंदिर तोड़े जाने और इसके बाद से शुरू श्रीराम जन्मभूमि को मुक्त कराने की गाथा सुनाई जाएगी। कार्यक्रम पुलिस परेड ग्राउंड, पुलिस लाइन बैरन बाजार में शाम 6 बजे से आरंभ होगा। 75 मिनट की इस गाथा में 2000 से अधिक वर्षों का इतिहास नजर आएगा।

धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व, पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री बृजमोहन अग्रवाल ने पत्रकारों को जानकारी देते हुए बताया कि पुलिस परेड ग्राउंड में 20 जनवरी शाम 6:00 बजे गाथा श्रीराम मंदिर की संगीतमय महागाथा का आयोजन होने जा रहा है। इसमें अयोध्या के राम मंदिर की पिछले 500 वर्षों से लेकर जनवरी 2024 तक की गाथा की संगीतमयी प्रस्तुति होगी। यह प्रस्तुति एक लाइव म्यूजिकल बैंड के साथ होगी। श्रीराम जन्मभूमि की तपस्या एवं संघर्ष की सत्य गाथा के इस कार्यक्रम में प्रवेश नि:शुल्क रहेगा। श्रीराम मंदिर की महागाथा को सुर-संगीत में श्रद्धालु देख और सुन सकेंगे।

इस गाथा में श्रीराम से शुरू होकर अयोध्या पर हुए तमाम हमलों और अयोध्या के रक्षकों की चर्चा होती है, जिसमें हर उस महत्वपूर्ण व्यक्ति का उल्लेख है, जो अयोध्या और श्रीराम मंदिर से सम्बद्ध है। साथ ही राजा विक्रमादित्य और माँ अहिल्याबाई होल्कर द्वारा मंदिर के जीर्णोद्धार, बैरागी साधुओं के संघर्ष, गर्भगृह से रामलला का निकाला जाना, गर्भगृह में रामलला का प्रकट होना, कार सेवक, कोठारी बन्धुओं के बलिदान, राजनीतिक उथल-पुथल और वर्तमान निर्माणाधीन मंदिर की भव्यता, दिव्यता और उसके पीछे केंद्र और राज्य सरकार के संकल्प का चित्रण किया गया है।

गाथा श्री राम मंदिर आयोजन के प्रायोजक संस्कृति विभाग छत्तीसगढ़ शासन, सह प्रायोजक रामराज मिनरल्स एवं कंस्ट्रक्शन प्राइवेट लिमिटेड, आयोजन कर्ता फ्रेमफॉक्स मीडिया एवं संत कबीर जन कल्याण समिति, नवबोध प्रकाशन, पूज्य शदाणी दरबार तीर्थ स्थल, सिंधी काउंसिल ऑफ इंडिया छत्तीसगढ़ इकाई हैं।

नंदनी रोड, लिंक रोड, सर्कुलर मार्केट, जवाहर मार्केट पावर हाउस, भिलाई के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करें:-
9303289950, 9827806026, 8962815243

प्रीति ड्रेसेस
मेन्स एण्ड लेडिस वियर
जवाहर मार्केट, पावरहाउस, भिलाई
मो. 9589230033, 9993840094

• जीन्स
• टी-शर्ट
• शर्ट
• ट्राउजर
भारत जीन्स
जवाहर मार्केट, पावर हाउस, भिलाई

आरना इंटरप्राईजेस
कांटावाला
वाटर प्यूरी फायर के विक्रेता एवं सुधारक
छत्तीसगढ़ शासन द्वारा मान्यता प्राप्त
इलेक्ट्रानिक तराजू एवं सीसीटीवी कैमरा के विक्रेता व सुधारक
सर्कुलर मार्केट केम्प-2, भिलाई, न्यू जेपी स्पोर्ट्स के सामने
7828844440, 9993045122
नया बस स्टैण्ड, शिव मंदिर रोड, दुर्ग, 09981370285, 9302833333

आर्टिफिशियल ज्वेलरी के विक्रेता
अनुप ट्रेंडर्स
सर्कुलर मार्केट, केम्प-2, पावर हाउस, भिलाई

प्रमोद इंटरप्राइजेस
गेंहू, चांवल एवं दाल के थोक विक्रेता
लिंक रोड, केम्प-2, भिलाई-दुर्ग
फोन: 0788-2225449, 93290-13017

Hotel Shiv Prabha Inn. & Town King
The Family Restaurant
46-C Market, Near Sapana Talkies & Hotel Apana Keshari Lodge, Power House, Bhilai, Distt.-Durg (C.G.)
9893215251, 8966981590
Email.: ranjanaguptakeshari@gmail.com

BIHAR BOOT HOUSE
Jawahar Market, Power House
Bhilai 9826181183

# इन बीमारियों में नहीं खाना चाहिए अंडा, डैमेज हो सकते हैं शरीर के कई अंग

देश से लेकर विदेश तक कई सारे लोग ब्रेकफास्ट में अंडा खाना पसंद करते हैं। क्योंकि अंडे में प्रोटीन की मात्रा काफी ज्यादा होती है। यह प्रोटीन का सबसे बेस्ट सोर्स माना जाता है। अंडे न सिर्फ ब्रेकफास्ट में बल्कि लंच और डिनर किसी वक्त भी खाया जा सकता है। अंडे की सबसे बड़ी खासियत यह है कि इसे बनने वाली रेसिपी बहुत आराम और फटाफट बन जाती है। वहीं कुछ रिसर्च में यह भी साबित हो चुका है कि कुछ ऐसी बीमारियां है जिसके मरीज को अंडा भूल से भी नहीं खाना चाहिए।

## इन बीमारी वाले लोगों को नहीं खाना चाहिए अंडा

### दिल की बीमारी

दिल की बीमारी वाले मरीज को भूल से भी अंडा नहीं खाना चाहिए। अंडा खाने से बीमारी बढ़ सकती है। इससे ब्लड सर्कुलेशन में दिक्कत आ सकती है। यह बेहद खतरनाक हो सकता है।

### दस्त में

अंडे की तासीर गर्म होती है। अगर किसी व्यक्ति का पेट खराब है तो उसे अंडा नहीं खाना चाहिए इससे दिक्कत बढ़ सकती है।

### कब्ज में

कब्ज की बीमारी में अंडा नहीं खाना चाहिए क्योंकि इससे पाचन से जुड़ी दिक्कत और परेशानी बढ़ सकती है।

### कोलेस्ट्रॉल

जिन लोगों को कोलेस्ट्रॉल की शिकायत है उन्हें तो एकदम अंडा नहीं खाना चाहिए। क्यों इसे खाने से और भी ज्यादा बढ़ सकता है।

### डायबिटीज


डायबिटीज के मरीज को अंडा खाने से बचना चाहिए। अगर अंडे खाना पसंद है तो एक बार डॉक्टर से सलाह जरूर लें।

वहीं कैंसर जैसी बीमारी से बचना है तो हर रोज अंडे खाना चाहिए। हार्वड यूनिवर्सिटी की 2003 की रिसर्च के मुताबिक, अंडे खाने से व्यस्क महिलाओं में ब्रेस्ट कैंसर का खतरा टल जाता है। 2005 की एक अन्य स्टडी के मुताबिक, जो महिलाएं एक सप्ताह में 6 अंडे तक खाती हैं उनमें 44 फीसदी ब्रेस्ट कैंसर का खतरा घट जाता है। अंडे को आप किसी भी रूप में खा सकते हैं जरूरी नहीं की उबले हुए अंडे ही खाएं जाएं। यदि आप हेल्दी रहना चाहते हैं तो अंडे खाइए। अंडे में सबसे पोषक पदार्थ अंडे की जर्दी होती है जिसमें 90 फीसदी तक कैल्शियम और आयरन होता है।



# रश्मिका मंदाना ने फिटनेस गोल्स किए सेट, कहा- स्ट्रेचिंग करना न भूलें

एक्ट्रेस रश्मिका मंदाना ने अपने वर्कआउट की एक तस्वीर साझा की और कहा कि किसी को स्ट्रेचिंग करना नहीं भूलना चाहिए। फोटो शेयरिंग एप्लिकेशन इंस्ट्राग्राम पर रश्मिका के 41.1 मिलियन फॉलोअर्स है।




रश्मिका ने इंस्टाग्राम स्टोरीज पर जिम में वर्कआउट करते हुए अपनी एक तस्वीर साझा की। उन्होंने ब्लैक कलर की टी शर्ट और रेड शॉर्ट्स पहने हुए है। फोटो को कैप्शन दिया गया: स्ट्रेच करना न भूलें!! यह आपके शरीर के लिए अच्छा है! गुड मॉर्निंग सभी को वर्कफ्रंट की बात करें तो, उन्हें अब से पहले एनिमल में देखा गया था, जिसमें रणबीर कपूर रणविजय सिंह और अजीज हक की दोहरी भूमिका में थे। उनकी अगली फिल्म पुष्पा 2: द रूल, रेनबो और द गर्लफ्रेंड है।



# तो ये है साक्षी मलिक की खूबसूरती और फिटनेस का राज, हर दिन योग करती हैं एक्ट्रेस

एक्ट्रेस साक्षी मलिक की खूबसूरती और बोल्डनेस के सभी फैन हैं। हर दिन साक्षी अपने इन्स्टा अकाउंट पर तस्वीरें और वीडियो शेयर करती रहती हैं। उनकी हर पोस्ट पर जमकर प्यार बरसाते हैं। एक्ट्रेस साक्षी मलिक अपनी खूबसूरती और बोल्डनेस के साथ-साथ फिटनेस के लिए भी जानी जाती हैं। एक्ट्रेस अपनी फिटनेस का पूरा ख्याल रखती हैं। कई फिल्मों और म्यूजिक एल्बम में नजर आ चुकीं फिटनेस फ्रीक एक्ट्रेस के इंस्टा पर 7 मिलियन से भी ज्यादा फॉलोअर्स हैं। साक्षी मलिक अक्सर योगा करते और वर्क आउट करते हुए वीडियो और तस्वीरें शेयर करती रहती हैं। एक्ट्रेस बताती हैं कि उन्होंने अपने डांस और योग की फिट रहने का जरिया बना लिया है। एक्ट्रेस कहती हैं कि योग और डांस उन्हें ना सिर्फ फिट रखने में मदद करते हैं बल्कि साथ ही साथ मानसिक तौर पर भी संतुलित रखते हैं। फिट रहने के लिए एक्ट्रेस कई तरह की योग क्रियाएं करती हैं, जिनमें शीर्षासन प्रमुख है। साक्षी रोज सुबह उठकर 5 मिनट तक शीर्षासन करती हैं।

# मैरी क्रिसमसः निर्माताओं ने रिलीज किया फिल्म का नया ट्रेलर, सस्पेंस और थ्रिलर से है भरपूर




श्रीराम राघवन के निर्देशन में बनी फिल्म मेरी क्रिसमस बीते शुक्रवार (12 जनवरी) सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। इसमें कैटरीना कैफ और विजय सेतुपति की जोड़ी बनी है, जिसे पहली बार देखा जा रहा है। इस बेमेल जोड़ी को दर्शकों का खूब प्यार मिल रहा है। दर्शकों के उत्साह को बरकरार रखने के लिए अब इस बीच निर्माताओं ने मेरी क्रिसमस का नया ट्रेलर जारी कर दिया है, जो सस्पेंस और थ्रिलर से भरपूर है।

टिप्स फिल्म्स ने अपने आधिकारिक एक्स हैंडल पर मेरी क्रिसमस का नया ट्रेलर साझा किया है। इसके कैप्शन में उन्होंने लिखा, इस क्रिसमस की कहानी मौज-मस्ती से कोसों दूर है। प्रस्तुत है ट्विस्ट ट्रेलर। मेरी क्रिसमस में राधिका आप्टे और अश्विनी कालसेकर भी हैं।

रिपोर्ट के मुताबिक, यह फिल्म अब तक 11.38 करोड़ रुपये से अधिक कमा चुकी है। मेरी क्रिसमस सिनेमाघरों के बाद नेटफ्लिक्स पर दस्तक देगी। इस फिल्म का प्रीमियर मार्च के अंत तक किया जाएगा।

# तिरगबडुरा सामी में मालवी मल्होत्रा ने किया स्टंट और एक्शन




एक्ट्रेस मालवी मल्होत्रा अपनी अपकमिंग फिल्म तिरगबडुरा सामी में अपना एक्शन अवतार दिखाने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। यह फिल्म कई एलिमेंट्स का मिश्रण है, जिसमें खूबसूरत लव स्टोरी, फैमिली इमोशन्स, कॉमेडी और ढेर सारा एक्शन और अपील शामिल है। एक्ट्रेस स्टंट कर अपनी ताकत का प्रदर्शन करेंगी। फिल्म में एक्टर राज तरूण एक अहिंसक व्यक्ति का किरदार निभा रहे हैं।

अपने उत्साह और भावना को साझा करते हुए मालवी ने कहा, मेरे एक्शन डायरेक्टर और पूरी टीम ने सोचा कि इसमें बहुत समय लगेगा इसलिए उन्होंने मेरे एक्शन सीक्वेंस के लिए दो दिन रखे, लेकिन कुछ शॉट्स के बाद वे बहुत खुश हुए और उन्हें पता चला कि मैंने पहले सेल्फ डिफेंस की प्रैक्टिस की और थोड़ा एमएमए और हमने इसे आधे दिन में पूरा कर लिया। यह वास्तव में जल्दी और आसानी से हो गया। यह बहुत मजेदार था, जब मैं ऐसा करते वक्त बहुत ऊर्जावान और उत्साहित महसूस कर रही थी, क्योंकि मैं हमेशा एक्शन सीक्वेंस और शक्तिशाली किरदार करना चाहती थी और मैं खुद को भाग्यशाली मानती हूं कि मुझे अपनी पहली तेलुगु फिल्म में यह मौका मिला। तिरगबडुरा सामी प्रतिभाशाली अभिनेता राज तरुण और निर्देशक एएस रविकुमार चौधरी के बीच आगामी सहयोग है और सुरक्षा एंटरटेनमेंट द्वारा निर्मित है। यह 23 फरवरी को रिलीज होने वाली है।

# अदा शर्मा की बस्तरः द नक्सल स्टोरी को मिली नई रिलीज तारीख

द केरल स्टोरी की अभिनेत्री अदा शर्मा आगामी फिल्म बस्तर : द नक्सल स्टोरी के लिए निर्देशक सुदीप्तो सेन और निर्देशक-निर्माता विपुल अमृतलाल शाह के साथ फिर काम करने को तैयार हैं। फिल्म के निर्माताओं ने फिल्म के तीन पोस्टर जारी किए हैं, जो एक गंभीर तस्वीर पेश करते हैं।

फिल्म के बारे में बात करते हुए निर्देशक सुदीप्तो सेन ने कहा: द केरल स्टोरी के अभूतपूर्व प्यार और आशीर्वाद के बाद हमने स्वतंत्र भारत के एक और घातक रहस्य को सामने लाने का साहस जुटाया। यह हमारे देश के केंद्र में स्थित बस्तर से है। अपमानजनक, जघन्य और घृणित सत्य जो आपको आपके अस्तित्व के मूल में झकझोर कर रख देगा। हमारा दृढ़ विश्वास है कि हमें आपका पहले जैसा ही आशीर्वाद और समर्थन मिलेगा। विपुल अमृतलाल शाह ने कहा कि बस्तर: द नक्सल स्टोरी के साथ असहज सच्चाइयों को उजागर करने का सफर जारी है। द केरल स्टोरी' के बाद हम एक और विस्फोटक कहानी को उजागर करने के लिए तैयारी कर रहे हैं। इस साहसिक और ईमानदार फिल्म को पेश करना सम्मान की बात है, जो हर किसी को अंदर तक झकझोर देगी। बस्तर: द नक्सल स्टोरी सनशाइन पिक्चर्स के बैनर तले बनाई गई है। यह फिल्म 15 मार्च को रिलीज होगी।



# पीसीओएस के वजह से चेहरे पर निकल रहे हैं मुहांसे तो जानें कैसे करें कंट्रोल

पीसीओएस यानी पॉलीसिस्टिक ओवरी सिंड्रोम आजकल लड़कियों और महिलाओं में बहुत आम समस्या बन गई है। यह एक ऐसी समस्या है जो हार्मोन्स यानी शरीर के रसायनों के संतुलन बिगड़ने से होती है।पीसीओएस में महिलाओं के अंडाशयों में छोटे-छोटे फोड़े या गांठें बन जाती हैं, जिनमें पानी भरा होता है। ये गांठें अंडाशयों को बड़ा और भारी बना देती हैं। इन गांठों की वजह से अंडाशय सही तरीके से काम नहीं कर पाते।

अंडाशयों का काम महिलाओं में हार्मोन बनाना और ब्लड में रिलीज करना होता है। लेकिन पीसीओएस में ये हार्मोन सही मात्रा में नहीं बनते। इसके कारण पीरियड्स रेगुलर नहीं आते हैं, शरीर पर अतिरिक्त बाल आने लगते हैं, मोटापे की समस्या हो सकती है। पीसीओएस की वजह से कई लड़कियों और महिलाओं को चेहरे, कंधे और पीठ पर मुंहासे निकलने लगते हैं। ये मुंहासे देखने में बहुत बुरे लगते हैं और आत्मविश्वास पर भी बुरा असर डाल सकते हैं।

**ग्लूटेन फ्रीः**- पीसीओएस की समस्या वाली महिलाओं को अपने आहार में कुछ बदलाव करने चाहिए, जिससे चेहरे के मुंहासे कम हो सकें। गेहूं से बनी चीजें जैसे - ब्रेड, नूडल्स आदि में ग्लूटेन नामक एक प्रोटीन होता है। इस ग्लूटेन के कारण कई लोगों को पेट संबंधी समस्याएं और मुंहासे ज्यादा होने लगते हैं। इसलिए ऐसे लोगों को ग्लूटेन फ्री डाइट यानि ग्लूटेन वाली चीजों से परहेज करना चाहिए।

**हार्मोन को नियंत्रण करेंः**- पीसीओएस की समस्या जैसे मुंहासों को कम करने के लिए, हमें अपने शरीर के कुछ हार्मोन जैसे- टेस्टोस्टेरोन और इंसुलिन के स्तर को संतुलित रखना होगा। कुछ खास तरह के आहार और जड़ी-बूटियां जैसे - ओमेगा 3, अश्वगंधा, विटामिन डी आदि टेस्टोस्टेरोन को कम करने में मदद कर सकते हैं। इसके साथ ही, रोजाना रूप से व्यायाम और संतुलित आहार से इंसुलिन के स्तर को भी अच्छा बनाए रखा जा सकता है। यदि मधुमेह या उच्च रक्तशर्करा की शिकायत है तो उस पर भी नियंत्रण जरूरी है।

**खूब सारा पानी पिएंः**- पीसीओएस के कारण होने वाले मुहांसों से छुटकारा पाने के लिए पर्याप्त मात्रा में पानी पीना बहुत ही फायदेमंद है। पीसीओएस में शरीर का पीएच स्तर बिगड़ जाता है जिससे त्वचा पर मुहांसे और दाने निकलने लगते हैं। पानी शरीर के पीएच स्तर को संतुलित करने में मदद करता है साथ ही शरीर की गंदगी व विषाक्त पदार्थों को बाहर निकालने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

दुर्ग, सुपेला और कोहका प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करें:- 9303289950



BANK P.O. & CLERK, MBA, RLY., SSC.
रामा कोचिंग
135,NEW CIVIC CENTER, Bhilai Ph. 0788-6560005

चौरसिया ज्वेलर्स
आकर्षक सोने चांदी के आभूषणों के निर्माता एवं विक्रेता
बेन्टेक्स एवं ग्रहरत्न उपलब्ध यहां
उचित ब्याज दर पर गिरवी रखी जाती है

मुक्तिधाम रोड, रामनगर, सुपेला, भिलाई
9827938211, 9827171332

## खास खबर

### दीया छत्तीसगढ़ ने मनाया युवा उत्कर्ष व युवा सम्मान समरोह

**दुर्ग।** अखिल विश्व गायत्री परिवार की युवा शाखा दिव्य भारत युवा संघ (दिया) छत्तीसगढ़ द्वारा स्थापना के 10 वर्ष पूर्ण होने पर युवा उत्कर्ष एवं युवा सम्मान 2024 का आयोजन किया गया। 14 जनवरी को गायत्री विद्यापीठ राजनांदगाव में आयोजित इस सांस्कृतिक कार्यक्रम व युवा सम्मान समारोह को स्वामी विवेकानंद जी के 161 वां जयंती के रूप में मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जोन समन्यवक गायत्री परिवार छग श्रीमती आदर्श वर्मा एवं विशेष अतिथि सभी उपजोन समन्यवक एसपी सिंग, सीपी साहू, लेखराम साहू, दानेश्वर शर्मा, नन्द किशोर सूरजन, सूर्यकांत चितलांगिया एवं अन्य जिलो के जिला समन्यवक रहे। कार्यक्रम मे छत्तीसगढ़ के 15 जिलों सें 700 से अधिक युवाओं ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम का शुभारम्भ प्रज्ञागीत एवं दीपप्रज्वलन के साथ हुआ। गायत्री विद्यापीठ राजनादगांव के बच्चों ने स्वागत गीत, नारी जागरण पर नुक्कड़ नाटक, गायत्री परिवार के सात आंदोलनों पर आधारित नृत्य एवं आत्मसुरक्षा कराते जैसे कार्यक्रमों से सबका मन मोह लिया।

### भिलाई 3 में होगा दीपोत्सव, निकलेगी शोभायात्रा और कार सेवकों का होगा सम्मान

**भिलाई।** श्री राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा समारोह के उपलक्ष्य में महाबली श्री राम सेवा समाति सिरसा गेट चौक भिलाई 3 के द्वारा 22 जनवरी को भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। कार्यक्रम में शाम 5:00 बजे अयोध्या में कारसेवा करने वाले कारसेवकों का सम्मान किया जाएगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व सरसंचालक छत्तीसगढ़ प्रांत बिसरा राम यादव रहेंगे। उनके द्वारा भिलाई तीन से कार सेवा में शामिल डॉ बी लक्ष्मी नारायण, संतोष अग्रवाल, राजेश वैद्य एवं अरुण गौतम का सम्मान किया जाएगा। इसके अलावा दीपोत्सव एवं भव्य शोभा यात्रा का आयोजन भी किया गया है। शोभा यात्रा भिलाई 3 के सिरसा गेट से शुरू होगी। शोभायात्रा श्रीराम मंदिर, जनता स्कूल से होकर बाजार चौक से वापस सिरसा गेट चौक पर समाप्त होगी। इस आयोजन में विभिन्न सामाजिक एवं धार्मिक संगठनों को भी आमंत्रित किया गया है। इसके अलावा विभिन्न मंदिरों, दुकान, घर एवं धार्मिक संगठनों को दीपदान भी किया गया है। कार्यक्रम के आयोजन को लेकर भव्य तैयारी शुरू कर दी गई है एवं बैठक भी की गई है।

### उज्ज्वला गैस से सुशीला, जानकी के उज्ज्वल होते सपने

**महासमुंद।** विकसित भारत संकल्प यात्रा से लोगों के सपने साकार हो रहे है। यात्रा के दौरान लगाए गए शिविर स्थलों पर बड़ी संख्या में ग्रामीण जन, महिलाएं, युवा, सहित ऐसे हितग्राही जो पात्र है और उन्हें योजना से लाभ मिलने की उम्मीद है उनके उम्मीद भी पूरे हो रहे है। महासमुंद जिला में अभी तक 377 ग्राम पंचायतों में संकल्प यात्रा शिविर का आयोजन किया जा चुका है। यात्रा के दौरान हितग्राही पूरे उत्साह से उन्हें मिले लाभ की जानकारी मेरी कहानी मेरी जुबानी के रूप में साझा कर रहे हैं। शासन की योजनाओं से मिले लाभ और अपने जीवन में आए बदलाव को साझा किया।

# दृढ़ संकल्प से होती है लक्ष्य प्राप्ति- मंत्री ओपी चौधरी

## सफलता के लिए परिश्रम के अलावा कोई विकल्प नहीं : खेल मंत्री टंकराम वर्मा

श्रीकंचनपथ न्यूज

रायपुर। किसी भी लक्ष्य की प्राप्ति के लिए निरंतर प्रयास के साथ-साथ परिश्रम, त्याग और समर्पण होना बहुत आवश्यक है। युवाओं को स्वामी विवेकानंद और इतिहास में सफल विभूतियों की जीवन-शैली को अपनाना चाहिए। युवा असफलता से न घबराएं अपितु यह जान लें कि असफलता ही सफलता की पहली सीढ़ी होती है।



उपरोक्त बातें वित्त मंत्री ओ.पी. चौधरी ने स्वामी विवेकानंद जी की जन्म जयंती सप्ताह के पावन अवसर पर जिला प्रशासन एवं खेल एवं युवा कल्याण विभाग के संयुक्त तत्वावधान में शासकीय बद्री नारायण बागड़िया उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नेवरा में आज आयोजित युवा महोत्सव में कही।

इसी तरह राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा ने कार्यक्रम में युवाओं का उत्साहवर्धन करते हुए स्वामी विवेकानंद जी के सूत्रवाक्य 'उठो, जागो और तब तक चलते रहो जब तक लक्ष्य प्राप्ति न हो' को युवाओं को अपने व्यवहार में अपनाने को कहा। उन्होंने कहा कि परिश्रम का कोई विकल्प नहीं। कोई भी कार्य या लक्ष्य असंभव नहीं। यदि हम ठान लें। आमजनों को प्रदेश के विकास में मिलजुलकर कार्य करना होगा। इस अवसर पर उन्होंने विकसित प्रदेश निर्माण की दिशा में सभी की समान सहभागिता सुनिश्चित करने का आव्हान किया।

युवा महोत्सव के इस अवसर पर व्यवहार न्यायाधीश वैशाली बघेल, राष्ट्रीय खेल प्रतिभा हेतु राजेन्द्र वर्मा, सौरभ वर्मा, धनंजय गेन्द्रे, करन यादव, मानसी वर्मा, भारती गिड़लानी, रुचिका देवांगन सहित 42 युवा प्रतिभाओं को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए तथा मित्र मानस परिवार तिल्दा, लोककला मंच रंगसिंगार संदीप यदु,बाँसगीत सगुनी सहित युवा कलाकारों को सम्मानित किया गया।

युवा महोत्सव के इस कार्यक्रम में कवि सम्मेलन का भी आयोजन किया गया। इसमें पंडित सुन्दरलाल शर्मा पुरस्कार से सम्मानित मीर अली मीर, वीर रस के कवि द्वय देवेंद्र परिहार मुंगेली व कवि महेंद्र बेजुबाँ ने अपने काव्यपाठ से उपस्थित जनसमूह को मंत्रमुग्ध कर दिया।

इस अवसर पर नगरपालिका अध्यक्ष लेमिक्षा गुरु, नगरपालिका उपाध्यक्ष विकास सुखवानी, जनपद सभापति शिवशंकर वर्मा और सरजा ठाकुर राम वर्मा, अन्य जनप्रतिनिधिगण, मुख्यकार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत विश्वदीप, एसडीएम प्रकाश कुमार टंडन, प्राचार्य राजेश चंदानी, छात्र-छात्राएं, पालकगण सहित बड़ी संख्या में नागरिकगण उपस्थित थे।

## शास्त्रीय एकल नृत्य एवं समूह लोक नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन



श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे रायपुर मंडल द्वारा दिनांक 15.01.2024 को अंतर मंडलीय रेलवे स्कूल सांस्कृतिक प्रतियोगिता (नृत्य) - 2023 'अन्वि-शालोम के अंतर्गत शास्त्रीय एकल नृत्य एवं समूह लोक नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन उल्लास रेल अधिकारी क्लब रायपुर में किया गया । जिसमे मुख्य अतिथि के रूप मे मंडल रेल प्रबंधक रायपुर संजीव कुमार उपस्थित थे स्वागत एवं परिचयात्मक भाषण श्रीमती निकिता अग्रवाल सहायक कार्मिक अधिकारी द्वारा प्रस्तुत किया गया।

अपने संबोधन मे मुख्य अतिथि संजीव कुमार ने उपरोक्त कार्यक्रम के आयोजन मे भागीदारी करने वाले सभी विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि पढ़ाई के अतिरिक्त अन्य कार्यक्रमों मे भागीदारी करने वाले बच्चों का भविष्य बहुत उज्ज्वल होता है अपनी प्रतिभा के बलबूते वे अपना शौक तो पूरा करते ही हैं साथ ही अपना लक्ष्य आसानी से प्राप्त कर लेते हैं ।

इस प्रतियोगिता में द.पू.म.रेलवे के अंतर्गत आने वाले सभी 06 रेलवे स्कूल शहडोल, बी.एम.वाई, डोंगरगढ़, नैनपुर बिलासपुर न.01 एवं बिलासपुर न. 02 के विद्यार्थियों ने अपनी भागीदारी दी । प्रतियोगिता में निर्णायक के रूप में छत्तीसगढ़ के प्रतिष्ठित कलाकार डेविड निराला देवेन्द्र बेहरा एवं तरूण कुर्म उपस्थित थे। प्रतियोगिता की दोनो विधाओं मे प्रथम द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार हेतु स्मृति चिन्ह एवं प्रमाण पत्र प्रदान किए गए एवं ओवरऑल चैम्पियन की शील्ड मिक्स हायर सेकेन्ड्री स्कूल बी.एम.वाई को प्राप्त हुई। मार्गदर्शन मंडल कार्मिक अधिकारी राहुल गर्ग द्वारा किया गया आपके संबोधन मे प्रतियोगिता की थीम अन्वि-शालोम के नाम के अलग-अलग आयामों को समझाया एवं स्वयं पूरी प्रतियोगिता के दौरान उपस्थित रहकर विद्यार्थियों को प्रोत्साहित किया।

## भारतीय जनता युवा मोर्चा की दुर्ग संभाग स्तरीय बैठक संपन्न



श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** भारतीय जनता युवा मोर्चा दुर्ग संभाग स्तरीय बैठक जिला भिलाई भाजपा कार्यालय प्रियदर्शनी परिसर सुपेला में संपन्न हुई । कार्यक्रम का मुख्य विषय नव मतदाता सम्मेलन व आगामी कार्य योजना को लेकर जिम्मेदारियां तय की गई। बैठक में मुख्य रूप से भारतीय जनता युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष रवि भगत व जिला भाजपा के अध्यक्ष बृजेश बिचपुरिया उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता भारतीय जनता युवा मोर्चा जिला भिलाई के अध्यक्ष अमित मिश्रा ने की। बैठक में दुर्ग संभाग के युवा मोर्चा प्रभारी भूपेंद्र नाग व युवा मोर्चा के प्रदेश मंत्री व संभाग सह प्रभारी ठाकुर पीयूष सिंह, प्रदेश प्रशिक्षण सह प्रमुख नितेश मिश्रा, युवा मोर्चा जिला दुर्ग अध्यक्ष जीत यादव, जिला राजनांदगांव अध्यक्ष मोनू बहादुर, कवर्धा जिला अध्यक्ष मनीराम साहू, बेमेतरा जिला अध्यक्ष परमेश्वर वर्मा बैठक में भाजपा जिला भिलाई के महामंत्री योगेंद्र सिंह व प्रेमलाल साहू, जिला उपाध्यक्ष शिवसागर मिश्रा, जिला मंत्री बिजेंद्र सिंह, युवा मोर्चा भिलाई जिला महामंत्री रितेश ठाकुर साथ ही व्यवस्था में जिला उपाध्यक्ष सौरभ जायसवाल, जिला मंत्री सौरभ चटर्जी, जिला प्रचार प्रसार मंत्री राहुल झा, जिला सोशल मीडिया प्रभारी जयंत शर्मा, मंडल अध्यक्ष मनीष पिपरोल, विनय सेन, नवीन सिंह, तरुण देवांगन, सुभाष शर्मा उपस्थित रहे! जानकारी सोशल मीडिया प्रभारी जयंत शर्मा ने दी।

## राष्ट्रीय स्टार्टअप दिवस पर एनआईटी रायपुर में इनक्यूबेटर कार्यालय का उद्घाटन किया गया

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर (पीआईबी)।** राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान (एनआईटी) रायपुर हमेशा नवाचार, उद्यमिता और स्टार्टअप को समर्थन देने के लिए प्रतिबद्ध रहा है। इसी तर्ज पर, संस्थान ने विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग (डीएसटी) के नेशनल इनिशिएटिव फॉर डेवलपिंग एंड हार्नेसिंग इनोवेशन (निधी) ङ्क टेक्नोलॉजी बिजनेस इनक्यूबेटर (टीबीआई) कार्यक्रम के तहत स्टार्टअप्स को समर्थन और सलाह देने के लिए 'एनआईटी रायपुर फाउंडेशन फॉर इनोवेशन एंड एंटरप्रेन्योरशिप' नाम से एक गैर-लाभकारी टेक्नोलॉजी बिजनेस इनक्यूबेटर कंपनी की स्थापना की है।



एनआईटी रायपुर ने 16 जनवरी 2024 को राष्ट्रीय स्टार्टअप दिवस के अवसर पर 'एनआईटी रायपुर फाउंडेशन फॉर इनोवेशन एंड एंटरप्रेन्योरशिप' के अपने कार्यालय का उद्घाटन किया। कार्यालय का उद्घाटन माननीय निदेशक, डॉ. एन. वी. रमना राव द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम में संस्थान के डीन, डॉ. समीर बाजपेयी, प्रमुख, कैरियर डेवलपमेंट सेंटर (सीडीसी), डॉ. चंद्रकांत ठाकुर, संकाय प्रभारी, उद्यमिता सेल, डॉ. सौरभ गुप्ता, संकाय प्रभारी, इनोवेशन सेल, डॉ. अनुज कु. शुक्ला, संकाय प्रभारी, इन्क्यूबेशन सेल एवं अंतरिम सीईओ, एनआईटी रायपुर फाउंडेशन फॉर इनोवेशन एंड एंटरप्रेन्योरशिप तथा श्री पवन कटारिया, सहायक कुलसचिव ,एनआईटी रायपुर एवं अंतरिम प्रबंधक एनआईटी रायपुर फाउंडेशन फॉर इनोवेशन एंड एंटरप्रेन्योरशिप उपस्थित थे। । इस अवसर पर संस्थान के कई छात्र, संकाय सदस्य और कर्मचारी उपस्थित थे।

सभा को एक शानदार संबोधन में, निदेशक डॉ. एन. वी. रमना राव ने राष्ट्रीय स्टार्टअप दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं दीं और विकसित भारत के दृष्टिकोण को साकार करने में स्टार्टअप्स की महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डाला, और जोर देकर कहा कि भविष्य के नवप्रवर्तकों और उद्यमियों के लिए शैक्षिक परिदृश्य को एक वास्तविक इनक्यूबेटर में तब्दील करते हुए बेहतर बनाया जाना चाहिए।

# राजिम के इतिहास में पहली बार मंदिर चकाचक, विधायक की सफाई में दिखा श्रम

श्रीकंचनपथ न्यूज

गरियाबंद। गरियाबंद में स्व'छ तीर्थ के तहत सोंढूर, पैरी एवं महानदी के त्रिवेणी संगम में स्थित प्राचीन मंदिर पंचमुखी कुलेश्वरनाथ महादेव के आसपास गंदगी घर कर गई थी। कागज के टुकड़े, रैपर, पॉलिथीन, छोटे-छोटे झाड़ तथा अन्य कचड़े बिखरे हुए पड़े थे इनके सडऩे के बाद यही बदबू दे रही थी जिन्हें राजिम विधायक रोहित साहू के साथ करीब 50 स्व'छता दूतों ने सुबह 06 बजे उपस्थित होकर 08 बजे अर्थात डेढ़ घंटे तक सफाई करते रहे।



यहां तक की सफाई के बाद उस स्थल पर पानी डाला गया और झाड़ू लगाकर चकाचक कर दिया गया। राजिम के इतिहास में यह पहली बार हो रहा है कि लगातार कोई विधायक तीर्थ क्षेत्र में मंदिरों के आसपास पड़े कचरे को उठा रहे हैं और स्व'छ रखने में महत्वपूर्ण योगदान दे रहे हैं। कई ऐसे कार्यक्रम देखने को मिला है जिसमें नेतागण एवं अधिकारी मात्र फोटो खींचवाते रहते हैं। लेकिन इसमें श्रम ही श्रम दिखाई दे रहे थे। पहले तो सभी स्वच्छता सिपाहियों ने कचरा इकट्ठा किया, उसके बाद विधायक रोहित साहू अपने हाथ में खुद फावड़ा लेकर सिर में पागा बांधे हुए धमेला में डालते रहें। कठिन श्रम का यह दृश्य हर किसी को प्रभावित कर रहा है। इस दौरान विधायक के बढ़ चढ़कर सफाई अभियान में भाग लेना लोगों को खूब भा रहा है। लोग तो यही कह रहे हैं कि किसान का बेटा है मेहनत तो करेंगे ही। बताना जरूरी है कि रोहित साहू विधायक बनने तथा अपने राजनीतिक सफर के पूर्व मजदूरी का कार्य भी किए हैं। हमालों के साथ बोरा उठाकर कठिन श्रम करते थे। मोटिवेट करना और कार्य के दौरान ही लोगों के दिलों में अपनी जगह बना लेना, उनके व्यवहार में शामिल है। जनता सरपंच के रूप में देखना चाहा और अब विधायक बनने के बाद भी कठोर श्रम करने में परहेज नहीं कर रहे हैं। उनके एक करीबी मित्र ने बताया कि तकरीबन चार पांच सालों तक फेडरेशन में हेमाली किया है। धान खरीदी पर धान तौल का भी काम किया है। उनकी मेहनत हर क्षेत्र में दिखाई दे रही है। विधायक बनते ही लोगों के घरों में जाकर उनके हाल-चाल जान रहे हैं यह एक ताजा उदाहरण प्रस्तुत कर रही है।

### लोमस ऋषि आश्रम में भी चला स्व'छता का जादू

लोमस ऋषि आश्रम में भी स्व'छता का जादू चल यहां पर भी कचरे को उठाकर बाहर फेंका गया। इस कार्य में जिला पंचायत सदस्य चंद्रशेखर साहू, समर्पण ग्रुप के अध्यक्ष प्रेम साहू, कोमल साहू, खुशी साहू सहित चार दर्जन लोग जुटे रहें। बताना जरूरी है कि सभी स्व'छता दूध लक्ष्मण झूला से होकर मंदिर परिसर में पहुंचे इस दौरान प्रेरणा गीत का वाचन करते रहे। किशोर साहू ने बताया कि 17 जनवरी कोपरा के कर्पूरेश्वरनाथ नाथ महादेव मंदिर, 18 जनवरी सिर कट्टी आश्रम परिसर कुटेना पांडुका, 19 जनवरी दुर्गा मंदिर प्रांगण किरवई, 20 जनवरी फणिकेश्वर नाथ महादेव मंदिर फिंगेश्वर, 21 जनवरी बाबाकुटी मांडव्या ऋषि आश्रम फिंगेश्वर में साफसफाई किया जाएगा।

## लोकसभा चुनाव में क्रिटिकल एवं वल्नरेबिलिटी मैपिंग के लिए प्रशिक्षण आयोजित

श्रीकंचनपथ न्यूज

**दुर्ग।** आगामी लोकसभा चुनाव में विधानसभावार मतदान प्रक्रिया सुचारू रूप से सम्पन्न कराने क्रिटिकल एवं वल्नरबिलिटी मैपिंग के लिए आज कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी की उपस्थिति में बीआईटी कॉलेज के ऑडिटोरियम में सेक्टर अधिकारी एवं पुलिस सेक्टर अधिकारियों को संयुक्त प्रशिक्षण दिया गया। सभी सेक्टरों में आवश्यक मूलभूत सुविधा की उपलब्धता के संबंध में भौतिक रूप से निरीक्षण सुनिश्चित किए जाने के लिए सभी सेक्टर अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया। जिले में 611 मतदान केन्द्र है। इसके लिए कलेक्टर ने सभी सेक्टर अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी ने कहा कि लोकसभा निर्वाचन 2024 की तैयारियों का सिलसिला प्रारंभ हो गया है। सभी सेक्टर अधिकारी प्रशिक्षण में दी जा रही सूचनाओं को बारीकी से समझे। उन्होंने कहा कि सेक्टर अधिकारी को संबंधित क्षेत्र का सम्पूर्ण जानकारी होना चाहिए, ताकि अधिकारी संबंधित क्षेत्र के मतदान केन्द्रों की व्यवस्था से वाकीफ हो जाएं। इसके अलावा सेक्टर अधिकारी के रूप में जो क्षेत्र आबंटित की जा रही है उस क्षेत्र में आने वाले सभी मतदान केन्द्रों का स्वयं जाकर मूलभूत सुविधाओं आदि की जांच कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने को कहा। उन्होंने अधिकारियों को संबंधित क्षेत्र के मतदान केन्द्रों में बिजली, पानी, शौचालय आदि की व्यवस्था सुनिश्चित करने व क्राईम वाले क्षेत्रों में ज्यादा ध्यान दिए जाने की बात कही। सेक्टर अधिकारी संबंधित पुलिस अधिकारी के साथ समन्वय कर निरीक्षण रिपोर्ट 20 जनवरी तक प्रस्तुत करना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि सेक्टर अधिकारी को संबंधित क्षेत्र का सम्पूर्ण जानकारी होना चाहिए। कलेक्टर ने निर्वाचक नामावली में नाम जोडऩा, विलोपित करना एवं त्रुटिसुधार आदि कार्य को शीघ्र करने को कहा।

**कार्यालय, जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र, दुर्ग**
E-Mail:- dtic-durg.cg@gov.in & dticdurg@gmail.com

**आम सूचना**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री दिनेश कुमार गुप्ता, पिता स्व. भागवत प्रसाद गुप्ता, प्रोप्राइटर मेसर्स गुडविल स्पोटर्स इंडिया, भूखण्ड क्रमांक - 48/सी, औद्योगिक संस्थान, दुर्ग, जिला - दुर्ग (छग.)। उक्त इकाई को लीज पर भूमि जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र, दुर्ग द्वारा पूर्व में आबंटित की गई है। इकाई के प्रोप्राईटर श्री दिनेश कुमार गुप्ता द्वारा अधिक आयु होने के कारण इकाई का स्वामित्व अपने पुत्र श्री उत्कर्ष गुप्ता के नाम पर नामांतरण / हस्तांतरण किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अत: यदि कोई व्यक्ति / सर्वसाधारण / संस्था को यदि उपरोक्त भूमि के पट्टे के अधिकार के नामांतरण / हस्तांतरण पर यदि कोई आपत्ति है तो कृपया इस आम सूचना के प्रकाशन से 30 दिवस के भीतर मेरे कार्यालय में आपत्ति दर्ज कर सकते हैं । कृपया ध्यान दें कि संबंधित 30 दिवस की अवधि समाप्त होने के पश्चात् किसी तरह की आपत्ति स्वीकार नहीं की जावेगी।

**मुख्य महाप्रबंधक**
जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र
दुर्ग (छ.ग.)

मथुरावासी चाट सेंटर
शादी एवं पार्टियों के आर्डर लिए जाते हैं।
9893283525
जैन पान ठेला के सामने आकाश गंगा सुपेला

Jaquar Roca Parryware AJAY FLOWLINE
Shri Vijay Enterprises
Sanitarywares, Tiles, CPVC Pipes & Bathroom Fittings etc.
Supela Market, Bhilai
PH. 0788-4030909, 2295573

CAR DECOR
House Of Exclusive Seat Cover, Car Stereos Matting & Sun Control Film & Other Accessories
Shop No.3 Nafish Tower. Opp. Indian Coffee House, Akashganga, Bhilai
Mo.9300771925, 0788-4030919
K. Satyanarayan

ॐ SAIRAM Mobile Accessories
मोबाईल शॉप में कार्य करने हेतु लड़को की आवश्यकता है
7000415602
Shop No. 78, Himalaya Complex, Supela, Bhilai

ROCKEY INDUSTRIES FURNITURE PALACE
Deals in: (Steel & Wooden) Luxury & Imported Furniture
Akash Ganga, Supela, Bhilai Ph. 2296430

दास गार्मेन्ट्स
जींस, शर्ट, टी-शर्ट, फ्राक सूट, फ्राक, फैंसी सलवार सूट एवं किट्स वियर,अंडर गारमेन्ट्स, गाउन के लेटेस्ट कलेक्शन
एक बार अवश्य पधारें
गणेश मार्केट, गुरुद्वारा, रोड सुपेला, भिलाई, 7828248067

Ashok JEWELLERY
Gifts • Toys • Cosmetics Perfumes • Sia Jewellery
Beside Parakh Jewellers, Akash Ganga, Supela, Bhilai
Hello: 0788-4052727
Mukesh Jain 9009959111
Rishabh Jain 8103831329

## खास खबर

### बीती रात एक साथ तीन चोरियां करने वाला पकड़ाया

**भिलाई।** पाटन थाना अंतर्गत बीती रातग्राम चीचा में अज्ञात आरोपी ने एक साथ तीन घरो में चोरी की वारदात को अंजाम दिया। घटना की जानकारी होने पर पुलिस ने अगले ही दिन आदतन आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के मुताबिक पकड़ा गया आरोपी रामदयाल निर्मलकर इससे पहले रायपुर, धमतरी एवं दुर्ग जिले में चोरी, मारपीट एवं बलात्कार की घटना को अंजाम दे चुका है। एसएसपी सिटी अभिषेक झा ने बताया कि घटना की शिकायत पर पाटन पुलिस ने तीनों मामलों में धारा 380,457 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी। इस बीच पाटन पुलिस को मुखबिर से चीचा नाली के पास एक संदिग्ध हालत में घूमने की जानकारी मिली। इस पर टीम ने ग्राम चीचा के नालीपारा में दबिश देकर संदिग्ध को पकड़ लिया। पूछताछ में उसने अपना नाम रामदयाल निर्मलकर निवासी ग्राम रवेली, रायपुर बताया। साथ ही ग्राम चीचा में दिलीप साहू, भीखम लाल साहू एवं तेजप्रकाश ठाकुर के घरों में स्कूटी से जाकर चोरी की घटना को अंजाम दिया। मामले में जांच जारी है।

### भाई-भाभी ने जमीन विवाद पर की महिला से मारपीट, शिकायत पर केस दर्ज

**कोरबा।** जमीन विवाद के चलते एक महिला पर उसके भाई-भाभी ने हमला करते हुए मारपीट की। मामले की रिपोर्ट पर पुलिस ने केस दर्ज कर लिया। बालको नगर थाना अंतर्गत नेहरू नगर में निवासरत महिला अंजली प्रजापति (36) निगम में डोर-टू-डोर कचरा कलेक्शन का काम करती है। महिला का घर के पास निवासरत भाई जयशंकर प्रजापति व भाभी सरिता से जमीन विवाद चल रहा है। जिसके चलते आए दिन झगड़ा होता है। महिला के मुताबिक मंगलवार की सुबह करीब 7 बजे भाई और भाभी ने जमीन विवाद को लेकर गाली गलौच किया। इस दौरान दोनों ने उसपर हमला करते हुए मारपीट की। घटना में उसे चोट पहुंची। बालको नगर पुलिस ने मामले में आरोपी दंपती के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

### आदतन नशेड़ी ने बहन से की छेड़छाड़, गिरफ्तार

**कोरबा।** नशे में धुत एक युवक ने स्कूल से घर लौटी 17 वर्षीय बहन से छेड़छाड़ की। विरोध करने पर गाली-गलौज करते हुए उससे मारपीट की। पुलिस ने आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया है। शहर के एक वार्ड में निवासरत युवक आदतन नशेड़ी है। मंगलवार की दोपहर वह नशे में धुतहोकर घर पहुंचा था। उसके माता-पिता काम करने गए थे, तब घर में बुजुर्ग दादा-दादी थे। दोपहर में युवक की 17 वर्षीय बहन घर पहुंची तो वह उससे छेड़छाड़ करने लगा। किशोरी ने विरोध किया तो वह गाली देते हुए उससे मारपीट करने लगा। बुजुर्ग दादा-दादी ने पोती की इज्जत बचाने के लिए विरोध किया तो उन्हें भी गाली व धमकी दी।

सैंकड़ों छात्र-छात्राओं को यातायात से जुड़े नियमों की दी गई जानकारी

# वीडियो क्लीप व नुक्कड़ नाटक से ग्रामीण हो रहे जागरूक

यातायात नियमों का पालन करने वाले वाहन चालको को पुष्प देकर किया गया सम्मानित

श्रीकंचनपथ न्यूज



**भिलाई।** सड़क सुरक्षा माह के तीसरे दिन यातायात कार्यालय नेहरू नगर में लगाये गये प्रदर्शनीय में केपीएस स्कूल नेहरू नगर, ज्योति स्कूल चरोदा एवं शकुंतला विद्यालय रामनगर सुपेला के कुल-426 छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकगण द्वारा प्रदर्शनीय का अवलोकन किया गया। यातायात नियम सड़क संकेत, रोड मार्किग, ट्रैफिक सिग्नल, वाहन चलाते समय हम क्या नहीं करना चाहिए एवं किन किन बातों का ध्यान रखना चाहिए इसकी विस्तृत जानकारी दी गई। स्कूली छात्र-छात्राओं से कहा गया कि जब आप आज स्कूल अपने घर जाये तो इन बातों को अपने परिजन, पडोसी, दोस्त, भाई, बहन को जरूर बताये एवं उनसे अपील करें की वाहन चलाते समय यातायात नियम का पालन करे।

आम नागरिकों एवं स्कूली छात्र-छात्राओं के लिए यातायात कार्यालय नेहरू नगर में यातायात नियम संबंधित मॉडल बैनर पोस्टर एवं यातायात गेम जोन बनाया गया है। जिसमें उपस्थित छात्र-छात्राओं को आरक्षक विजय शर्मा द्वारा यातायात नियम संबंधी प्रशिक्षण प्रदान की गई एवं यातायात से संबंधित गेम एवं सही जोड़ी गेम खिलाया गया। जिसे खेलकर बच्चे बहुत उत्साहित हुए और खेल खेल में यातायात नियमों की जानकारी दी गई।

जागरूकता कार्यक्रम के तहत ग्राम पौउवारा में आयोजित मंडई में अंजोर रथ में लगे एलईडी स्क्रीन में किन किन कारणों से सडक दुर्घटनाएं होती है वीडियो क्लीप के माध्यम से दिखाया गया व नुक्कड़ नाटक के माध्यम से ग्रामवासियों का यातायात नियम के प्रति जागरूक किया गया।

इसी प्रकार यातायात नियमों का पालन करने वाले को पुष्प देकर सम्मानित किया गया और नियमों का पालन नहीं करने वाले को स्वयं एवं दूसरे की सुरक्षा के लिए यातायात नियमों का पालन करने हेतु समझाईस दी गई।

**अपील:-** यातायात पुलिस के आम नागरिको एवं परिजनों से यह अपील है कि अपने बच्चो को यातायात नियमों प्रति जागरूक करने एवं भविष्य में उन्हें यातायात नियम का पालन कर वाहन चलाने हेतु यातायात पुलिस द्वारा यातायात कार्यलय नेहरू नगर में लगाये गये प्रदर्शनीय का अवलोकन कराने जरूर लाये। यह प्रदर्शनीय प्रतिदिन प्रात: 9 बजे से 1 बजे एवं शाम 5 बजे से 9 बजे तक सभी के लिए अवलोकन हेतु आ सकते है।

पुलिस ने अंधविश्वास के मामले में 2 बैगा को पकड़ा

## जादू-टोने के शक में बुजुर्ग को मारने की कोशिश, 7 गिरफ्तार



**बिलासपुर (ए)।** गांव में टोना जादू के आरोप में महिला को जिंदा जलाने की कोशिश करने वाले 2 बैगा समेत 7 लोगों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। घटना के बाद से सभी आरोपी फरार थे। पुलिस ने मुख्य आरोपी व उसके रिश्तेदारों को कोरबा जिले के बालको व दो बैगाओं को जांजगीर से गिरफ्तार किया है। बुधवार को बिलासा गुड़ी में मामले का खुलासा एएसपी एसपी ग्रामीण अर्चना झा ने किया।

उन्होंने बताया कि 12 जनवरी को महिला की बेटी ने थाने में घटना की सूचना दी थी। उसने बताया कि उसकी मां भूरी बाई को टोनही कहते हुए केजउ राठौर उसके रिश्तेदार व बैगा ने जलाने का प्रयास किया। पुलिस टोनही प्रताड़ना और हत्या का प्रयास का केस दर्ज कर गांव पहुंची, लेकिन मौके से केजउ राठौर और परिवार सदस्य व बैगा सभी फरार हो गए थे। आरोपियों की धरपकड़ के लिए अलग-अलग टीम गठित कर जांजगीर, कोरबा, रायगढ़ रवाना किया गया। इसी दौरान मुखबिर और सायबर की इनपुट के आधार पर केजउ राठौर व उसके रिश्तेदारों और बैगा को धर दबोचा। इस पूरे मामले में पुलिस ने मुख्य आरोपी केजउ राठौर सहित सुरेश उर्फ रीतू राठौर, रवि उर्फलाला राठौर, संतोष राठौर, देवी कहरा, धरम कहरा और विशाल नाथ को गिरफ्तार कर जेल दाखिल किया है।

पूछताछ पर यह पता चला कि केजउ राठौर ने अपने दामाद संतोष राठौर को बैगा लाने के लिए बोला था, जिस पर से उसने पहचान के देवी प्रसाद और धरम बैगा को ग्राम भदौरा झाड़फूंक के लिए लेकर आया। घर पर बैगा द्वारा केजउ राठौर की बेटी व बहू जो बीमार रहते थे, उनकी झाड़ फूंक की गई। रात्रि में फिर से भूत भगाने के लिए लोगों को इकट्ठा कर पूजा किया गया। इसके बाद महिला को उसके घर से घसीट कर लाए व टोनही होने का आरोप लगाते हुए मारपीट की व हसिया से जलाया। उसे अधमरा कर छोड़ गए।

यात्री बस सड़क पर खड़े ट्रक से टकराई

## हादसे में 20 से ज्यादा यात्री घायल, घने कोहरे और बारिश के चलते हुआ हादसा



**कोरबा (ए)।** कोरबा जिले में गुरुवार तड़के हसदेव पुल पर यात्रियों से भरी बस खड़े ट्रक से टकरा गई। दुर्घटना में 20 से ज्यादा यात्री घायल हुए हैं, जिनमें से कुछ की हालत गंभीर है। बंस में फंसे लोगों को रेस्क्यू कर लिया गया है। मामला बांगो थाना क्षेत्र का है।

जानकारी के मुताबिक, यात्री बस बिहार के सासाराम से कोरबा की ओर आ रही थी। बस गुरुवार तड़के हसदेव पुल के ऊपर पहुंची, जहां बारिश, कोहरे और अंधेरे की वजह से सड़क पर खड़ा ट्रक दिखाई नहीं दिया। इससे बस की जोरदार टक्कर खड़े ट्रक से हो गई। हादसे के बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई। 20 से ज्यादा लोग सड़क हादसे में घायल हुए हैं। इनमें से 6 महिलाएं और 8 पुरुष गंभीर रूप से घायल हैं। कुछ यात्री बस की सीट में फंस गए थे, जिन्हें डायल 112 की टीम ने स्थानीय लोगों की मदद से रेस्क्यू कर बाहर निकाला। घायलों को अस्पताल पहुंचाया गया है।

बांगो थाना प्रभारी कृष्ण कुमार वर्मा ने बताया कि घटना की बस का ड्राइवर भी घायल है। घायलों का बयान दर्ज किया जा रहा है। सभी घायलों को उप स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया है। जिन यात्रियों की हालत गंभीर थी, उन्हें प्राथमिक इलाज के बाद जिला मेडिकल कॉलेज के लिए रवाना किया गया।

# कार्यालय नगर पालिक निगम, भिलाई

(संपत्तिकर विभाग)

क्रमांक/चार/तीन/सं.क.वि./2023/1317/409 — भिलाई दिनांक 16/01/2024

**//स्वामित्व के हस्तांतरण की सूचना//**

इस ईश्तहार द्वारा हित रखने वाले हितग्राही को एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 में स्वत्वाधिकार के अंतरण के संबंध में निम्नलिखित हस्तांतरिती के नाम से जिसका कि नगर पालिक निगम भिलाई के संपत्तिकर अभिलेख में हस्तांतरणकर्ता के स्थान पर नाम दर्ज किया जाना है यदि किसी को इस संबंध मे कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन तिथि से 15 दिनों के भीतर अधोहस्ताक्षरकार्ता के समक्ष आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है बाद मे प्रस्तुत आपत्ति पर विचार नही किया जावेगा:-

| क्र. | हस्तांतरणकर्ता का नाम | हस्तांतरिती का नाम | हस्तांतरण का स्वरूप | संपत्ति की स्थिति |
|---|---|---|---|---|
| 1 | श्रीमती सी. राधिका, पति-श्री सी.व्ही.व्ही. श्रीधर, निवासी-प्लाट नं.-29/14, नेहरूनगर पूर्व, भिलाई, तह. व जिला-दुर्ग(छ.ग.) | श्रीमती सविता झापटे पति-श्री राजकुमार झापटे, निवासी-36 वार्ड नं. 09, इंदिरा नगर, कोहका रोड, वर्मा डेयरी के पास, भिलाई, तह. व जिला-दुर्ग(छ.ग.) | बिक्रीनामा | जुनवानी, सूर्या अपार्टमेंट, वार्ड नं. 01, भिलाई, फ्लैट नं.-एफ-44, चतुर्थ तल, ब्लाक-एफ, क्षेत्रफल-771.06 वर्गफीट पर आवासीय फ्लैट निर्मित। |
| 2 | (1) संतोष कुमार रंगारी, पिता श्री रामदास रंगारी, (2) श्रीमती अनीता रंगारी, पति श्री संतोष कुमार रंगारी, दोनों निवासी-मकान नं. 6/ई, क्रॉस सड़क नं. 3, सेक्टर-6, भिलाई, तह. व जिला-दुर्ग(छ.ग.) | श्रीमती पूनम सिंह, पति श्री रितेश कुमार सिंह, निवासी-मकान नं. जी-11/8, दूसरा फलोर, चौहान टाउन जुनवानी, भिलाई, तह. व जिला-दुर्ग(छ.ग.) | बिक्रीनामा | जुनवानी, वार्ड नं. 02, स्मृतिनगर वार्ड जुनवानी चौहान हाउसिंग कंपनी चौहान टाउन जुनवानी, भिलाई), फ्लैट नं.-08, ब्लॉक नं.-जी11, प्रथम तल, क्षेत्रफल-670.00 वर्गफीट पर आवासीय फ्लैट निर्मित। |
| 3 | सी.एन.बी. कमोडिटिस प्रा.लि (CNB COMMODITIES PRIVATE LIMITED) OFFICE NO-1, NOTTING HILLS, OPP PASCO, OLD DELHI ROAD SECTOR-18, GURGANO HARYANA अधिकृत हस्ताक्षरकर्ता-श्री अर्जुन कुमार तिवारी, पिता-श्री जय प्रकाश तिवारी, निवासी-सी-2018, निर्माण विहार, दिल्ली | श्रीमती पूनम सिंघानिया, पति-श्री अभिषेक सिंघानिया, निवासी-वार्ड नं. 36, न्यू खुर्सीपार उषा प्रेस के पास, खुर्सीपार भिलाई, तह. व जिला-दुर्ग (छ.ग.) | हस्तांतरण-प्रपत्र | आम्रपाली वनांचल सिटी, हाउसिंग बोर्ड छावनी वार्ड नं.-26, भिलाई, भवन क्रमांक-सी-195, क्षेत्रफल-1220.50 वर्गफीट, आवासीय भवन निर्मित। |
| 4 | श्री भागवत प्रसाद पिता साधराम, निवासी-186, आर्यनगर, दुर्ग, तह. व जिला-दुर्ग(छ.ग.) | श्री कुनाल बांधे पिता श्री विनोद बांधे, निवासी-119, वार्ड नं.-06, पांच रास्ता, पुरानी बस्ती, रामनगर, सुपेला, भिलाई, तह. व जिला-दुर्ग(छ.ग.) | बिक्रीनामा | कोहका, आर्यनगर(सनातन नगर)(वार्ड नं. 09, कोहका पुरानी बस्ती) अंदर भाग, भिलाई, खसरा नं. 978, क्षेत्रफल-240 वर्गमीटर, आवासीय भवन निर्मित। |
| 5 | चौहान टाउन-I, फेस-III, चौहान हाउसिंग कंपनी, "चौहान ग्रीन वैली" अपोजिट चौहान टाउन, जुनवानी, भिलाई पार्टनर श्री अजय चौहान आ. स्व. श्री विपत(दीपेश्वर) चौहान, निवासी- राजीव नगर, भिलाई, तह. व जिला-दुर्ग(छ.ग.) से 1. हिमांशु कुकरेजा, पिता-श्री प्रकाश कुकरेजा, निवासी-पल्मवुड रेसीडेंसी, फ्लैट नं. ए-504, स्ट्रीट 03, पशुपतिनाथ मंदिर के पास, कातुलबोर्ड, एस.ए.एफ. लाईन, दुर्ग, तह. व जिला-दुर्ग(छ.ग.), 2. श्रीमती भारती कुकरेजा, पति श्री प्रकाश कुकरेजा, निवासी-वार्ड नं. 08, गुजराती पाडा, खरिअर रोड, जोन्क, नुआपाड़ा, ओडिशा, | श्रीमती विद्यावती दुबे, पति श्री राम आसरे दुबे, निवासी-60, जी.ई.रोड, टाटा लाईन, शिवाजी मार्केट, वार्ड नं. 26, केम्प 2, भिलाई, तह. व जिला-दुर्ग(छ.ग.) | बिक्रीनामा | चौहान हाउसिंग कंपनी (चौहान ग्रीन वैली) खम्हरिया जुनवानी, भिलाई(वार्ड नं. 01 जुनवानी वार्ड के जुनवानी चौक से चिखली नाला धमधा रोड की ओर अंदर भाग) भिलाई, फ्लैट नं. 23A (Pent House), ब्लाक-"A5", सांतवा तल, 595.00 वर्गफीट, पर आवासीय फ्लैट निर्मित। |
| 6 | 1. शेखर चन्द्र सती, आ. श्री हरीश चन्द्र सती, 2. श्रीमती नीता सती, ध.प. श्री शेखर चन्द्र सती, दोनो निवासी-ए-18, केशव हरी भवन, रौतेला कॉलोनी, छोटी मुखानी, हल्द्वानी, नैनीताल उत्तराखण्ड | श्री नय्यर अहमद, आ. मो. मुस्तफा रयीन, निवासी-1/59, आशियाना रेसालदार नगर डोरंडा, रांची, झारखण्ड | बिक्रीनामा | कोहका, रानी अवंतिबाई कोहका, वार्ड नं. -08,(सूर्या रेसीडेन्सी मुख्य मार्ग), भिलाई, फ्लैट नं.-गोल्ड 406, चतुर्थ तल, ब्लॉक नं. -सी, क्षेत्रफल-1209.00 वर्गफीट पर आवासीय फ्लैट निर्मित। |
| 7 | श्रीमती उषा चौबे, पति श्री विनोद कुमार चौबे, निवासी-एस.बी.आई. सड़क नं.-43, सेक्टर-10, भिलाई, तह. व जिला-दुर्ग (छ.ग.) | श्रीमती रूमा पटेल, पति-श्री दमड़ी लाल, निवासी-3 ई, सड़क नं.-28, सेक्टर-10, भिलाई, तह. व जिला-दुर्ग(छ.ग.) | बिक्रीनामा | जुनवानी, स्मृतिनगर वार्ड नं. 02, स्मृति गृह निर्माण सहकारी समिति मर्यादित, भिलाई, खसरा नं. 420/188, भूखंड/दुकान क्रमांक-बी-80, रकबा-450 वर्गफीट, भवन निर्मित। |

उपायुक्त (संपत्तिकर)
नगर पालिक निगम
भिलाई

## घुमाने लेकर गए आरोपी ने चार साल की मासूम से किया अनाचार



**रायगढ़ (ए)।** लैलूंगा में बुधवार को पुलिस के सामने एक ऐसा मामला सामने आया है। जिससे मानवता शर्मसार कर दिया है। जिसमे 4 साल की मासूम के साथ दुष्कर्म की घटना को आरोपी ने अंजाम दिया है।

जानकारी के मुताबिक लैलूंगा थाना अंतर्गत एक चंवरपुर ग्राम पंचायत के बोरसीडांड के 4 साल की मासूम से अनाचार का प्रकरण सामने आते ही ग्रामीण अंचल से लेकर जिले में हड़कंप मचाकर रख दिया है। घटना की भनक स्वजन को तब लगी जब 4 साल की मासूम के प्राइवेट पार्ट से ब्लीडिंग होने लगी और दर्द से वह रोने लगी तो परिजन को मामले सामने आया। बच्ची से पूछने पर उसने बताया कि गांव का ही सचिन एक्का उम्र 18 साल उसे अपने साथ नदी तरफ घुमाने ले गया था और वहां उसके द्वारा कुकृत्य किया गया। इस बात की भनक लगते ही परिजन के पैरों तले जमीन खिसक गई। जिसके बाद परिजन पहले बच्ची को लेकर सीएचसी लैलूंगा पहुंचे और डॉक्टरों ने उसका ईलाज शुरू किया। जिसके बाद लैलूंगा थाने में जाकर आरोपी के विरूद्ध शिकायत दर्ज कराई।

4 साल की मासूम से अनाचार की खबर सुनते ही लैलूंगा पुलिस हरकत में आई और आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी। पुलिस ने आरोपी पर धारा 363, 376 क ख पास्को एक्ट के तहत मामला दर्ज कर हिरासत में लिया है। आज कानूनी कार्रवाई को पूरा करने के बाद गिरफ्तारी के उपरांत जेल भेजा जाएगा।

**कार्यालय संयुक्त संचालक सह अस्पताल अधीक्षक, चन्दूलाल चन्द्राकर स्मृति शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय सम्बद्ध चिकित्सालय, ग्राम कचान्दुर, जिला-दुर्ग (छत्तीसगढ़) 490024**

ई-मेल : ccmgmchdurg@gmail.com

क्रमांक/स्था./सीसीएमजीएमसीएच/2024/125 — दुर्ग, दिनांक/ 15.01.2024

**//निविदा सूचना//**
**//निविदा क्रमांक 01 वर्ष 2024//**

चन्दूलाल चन्द्राकर स्मृति शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय सम्बद्ध चिकित्सालय, कचान्दुर दुर्ग (छ.ग.) के निविदा वर्ष 2024 अंतर्गत विभिन्न विभागों के उपयोग हेतु सफाई एवं वार्डो की विभिन्न आवश्यकताओं की पूर्ति सामग्री के लिए मुहरबंद खुली निविदा अधिकृत निर्माता/अधिकृत एजेंसी से आमंत्रित की जाती है।

निविदा का विवरण निम्नानुसार है :

| | |
|---|---|
| निविदा अभिप्राय | सफाई सामग्री आपूर्ति हेतु। |
| निविदा की अवधि | एक वर्ष हेतु। |
| निविदा प्रपत्र मूल्य | डिमांड ड्राफ्ट Jr. Director cum supdt., CCM GMCH, Kachandur, Durg (CG) राशि रू. 500/- (अक्षरी पांच सौ रूपये मात्र) मूल्य के डीडी (वापसी योग्य नही) |
| निविदा फार्म प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय | निविदा प्रकाशन तिथि से संयुक्त संचालक सह अस्पताल अधीक्षक कार्यालय से कार्यालयीन दिवस में दिनांक 30.01.2024 शाम 04.00 बजे तक। |
| निविदा फार्म जमा करने हेतु निर्धारित तिथि एवं समय तथा माध्यम | दिनांक 01.02.2024 समय दोपहर 04.00 बजे तक स्पीड पोस्ट/रजिस्ट्री/कोरियर के माध्यम से कार्यालय संयुक्त संचालक सह अस्पताल अधीक्षक, चन्दूलाल चन्द्राकर स्मृति शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय सम्बद्ध चिकित्सालय, कचान्दुर, दुर्ग में। |
| निविदा खोलने की तिथि | दिनांक 02.02.2024 समय दोपहर 01.00 बजे। |
| निविदा अमानत राशि (नियमानुसार वापसी योग्य) | राशि रू. 10,000/- (अक्षरी-दस हजार रूपये मात्र) FDR राशि किसी भी राष्ट्रीयकृत बैंक का Jr. Director cum supdt., CCM GMCH, Kachandur, Durg (CG) के नाम से देय एवं नियमानुसार वापसी योग्य। |

संयुक्त संचालक सह अस्पताल अधीक्षक
चन्दूलाल चन्द्राकर स्मृति शासकीय चिकित्सा
महाविद्यालय एवं सम्बद्ध चिकित्सालय, दुर्ग

जी-07166/4

सेक्टर-6 एंव रिसाली के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करें:-
9303289950, 9827806026, 8962815243

दुल्हन बैंगल्स & फैंसी
RAKESH SINGH
Mob.-9840760388
7987759030
Specialist : Wedding mix match bangles, Glass bangle, Plastic bangle. Saree pin, Bindi, Rubber Band. Bracelet, Butter Fly, Ear ring and many more
पुष्पांजलि स्वीट्स के बाजू में, कृष्णा टाकिज रोड, रिसाली, भिलाई

Galaxy Granite
WholeSaler & Retailer
रायपुर से कम दामों में
All Type Of Tiles : Wall Tiles, Floor Tiles, Granite Sanitary & Null Fitting
सभी प्रकार के टाईल्स और ग्रेनाईट मिलने का एक मात्र स्थान कोई भी टाईल्स लेने से पहले एक बार अवश्य पधारे...
Raja Steel Traders, Krishna Talkies, Road, Side of ZEE Maha Sale, Risali, Bhilai - 490006
K.K. Soni - 77479-88643, 9109509095

भिलाई मसाला उद्योग
शुद्ध कुटे हुए मसाले,पापड़, अचार, बड़ी, जड़ी-बूटी, जचकी का सामान इत्यादि
128, ए- मार्केट, सेक्टर-6, भिलाई, फोन. 2284508, मो. 9826137766

राकेश ट्रेडर्स
विगत 6 वर्षो से यह दुकान पानी टंकी के सामने स्थानांतरित हो गई है।
Dealers
Marbles, Grinight, Black Stone, Nano & Double Charge Verified Tiles Digital Wall & Floor Tiles Cement Coloru etc.
रायपुर रेट पर माल उपलब्ध
Rakesh Sahu
9302443750, 9907127357
Krishna Talkies Road, Beside Hariom Furniture, Risali, Bhilai - 490006

भिलाई की सबसे बड़ी चुड़ी की दुकान
निखार बैंगल
मो.- 9826186026
Shop-47, 'A' Market, Sec-6, Bhilai Nagar, Distt., Durg (C.G.)

भारतीय बैग हाउस
फैंसी स्ट्राली, स्कूल बैग, ऑफिस बैग, सफर बैग, लेपटॉप बैग, फैंसी छतरी, रेनकोट इत्यादि के विक्रेता
VIP happy journey
AMERICAN TOURISTER
कृष्णा टाकीज रोड, बैंक ऑफ बडौदा के बाजू में रिसाली भिलाई, संजय गुप्ता: 93003-77572

## खास - खबर

### पीएम विश्वकर्मा योजना पंजीयन, आधार कार्ड उपडेशन व आयुषमान कार्ड के लिए वार्डों में लग रहा शिविर

**दुर्ग।** नगर पालिक निगम क्षेत्र के नागरिकों को पीएम विश्वकर्मा योजना से लाभान्वित करने के लिए निगम क्षेत्र में शिविर लगाया जा रहा है। सुबह 10 से शाम पांच बजे तक आयोजित शिविर में आम नागरिकों को उनके वार्ड अथवा - मोहल्ले में ही प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना का आनलाइन पंजीयन,आधार - कार्ड अपडेशन व आयुष्मान कार्ड - 'बनाने व सुधार करने सुविधा दी जा - रही है। शिविर में अब तक पीएम - विश्वकर्मा योजना से लाभ लेने लोगों ने शिविर में पंजीयन कराया है। वहीं लोगों ने आधार अपडेशन भी कराया है।शिविर में लोगों ने आयुष्मान कार्ड भी बनवाया है।नगर निगम आयुक्त लोकेश चन्द्राकर बताया कि प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के अंतर्गत 18 प्रकार के पारंपरिक व्यवसाय में कारीगरों और शिल्पकारों की पहचान विश्वकर्मा के रूप में कर उन्हें लाभान्वित किया जाना है। कारीगरों की क्षमता, योग्यता और उत्पादकता बढ़ाने के लिए कौशल उन्नयन के लिए प्रशिक्षण पश्चात टूलकिट के लिए 15 हजार रुपये प्रदान किया जाना है। पंजीकृत हितग्राही जो प्रशिक्षण प्राप्त करेंगे, उन्हें प्रतिदिन 500 रुपये प्रोत्साहन राशि भी दी जाएगी। व्यापार को आगे बढ़ाने रियायती ब्याज दर पर लोन की सुविधा भी प्रदान की जाएगी।आयुक्त लोकेश चन्द्राकर ने कहा कि प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के कार्यो को प्राथमिकता के साथ करें पूर्ण।प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के तहत शहर के पारंपरिक व्यवसायों से जुड़े शिल्पकारों एवं कारीगरों का पंजीयन ग्राहक सेवा केन्द्र (सीएससी सेंटर) के माध्यम से किया जा रहा है। पंजीयन उपरांत उन्हें परम्परागत व्यवसायों के लिए प्रशिक्षण, अनुदान एवं ऋण से लाभान्वित किया जाएगा।बता दे कि शिविर ( 18 जनवरी ) को वार्ड क्रमांक वार्ड 13 तुलाराम आर्य कन्या उ.मा.शा, को वार्ड 37 रूंगटा कॉलेज आफसाईस एण्डे टैकनोलॉजी गंजपारा,दुर्ग वार्ड 38 रूंगटा कॉलेज़ आफसाईस एण्डे टैकनोलॉजी गंजपारा, दुर्ग वार्ड 39 जे.आर. डी.शा.बहु.पू.मा.शा मे एवं वार्ड 40 सेठ सुराना कला एवं वा.महा.वि में किया जाएगा।

# राहुल की न्याय यात्रा में वालंटियर की भूमिका में विधायक देवेन्द्र यादव



श्रीकंचनपथ न्यूज

भिलाई। कांग्रेस नेता राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा में भिलाई के विधायक देवेन्द्र यादव वालंटियर की भूमिका निभा रहे हैं। इस यात्रा का मूल उद्देश्य देश में बढ़ रही बेरोजगारी, देश में बढ़ती विद्वेष की भावना, केन्द्र सरकार द्वारा लगातार आमजन की सुरक्षा के साथ खिलवाड़ और दलित-आदिवासियों को न्याय दिलाना है। यह यात्रा मणिपुर से प्रारम्भ हुई है, जो मुम्बई पहुंचेगी।



विधायक देवेन्द्र यादव ने बताया कि राहुल गांधी की न्याय यात्रा को मिल रहे अपार जनसमर्थन से यह स्पष्ट हो चुका है कि भारत के नागरिक केंद्र सरकार के तानाशाही रवैया के खिलाफ मुखर होकर लडने् की तैयारी कर रहे हैं। राहुल गांधी के साथ यात्रा के दौरान लगातार कदमताल कर रहे भिलाई विधायक श्री यादव ने बताया कि आज यात्रा बीके टाउन जुन्हेवोटो से शुरू होकर चूचूयिमपांग में सभा के बाद मेटानकांग में सभा को संबोधित करके ओआहिंग में विश्राम हेतु पहुंची।

कल सुबह 8 बजे पुन: शुरू होगी। उन्होंने कहा कि देश में भाजपा हिन्दू-मुसलमानों के बीच नफरत की दीवार खड़ी कर रही है, देश की एकता और अखंडता व लोकतंत्र को दरकिनार करके देश का विभाजन करने में जुटी हुई है, ऐसे में राहुल गांधी नफरत की दीवार को तोड़कर भारत की धरती में मणिपुर से मुंबई तक देशवासियों के बीच जहां प्रेम और भाईचारे का संदेश दे रहे हैं, वहीं देश की मिट्टी की खुशबू फैला रहे है और राष्ट्रीय, जातीय व सामाजिक एकता को मजबूत कर रहे हैं।

#### जगह-जगह लगा रहे पौधे और सहेज रहे मिट्टी

राहुल गांधी के साथ ही विधायक देवेन्द्र यादव भी भारत जोड़ों यात्रा के दौरान रोजाना यात्रा करने के साथ ही लोगों से मिल रहे हैं। जहां से भी यात्रा गुजर रही है। वहां भारत जोड़ो न्याय यात्रा को यादगार बनाने के लिए पौधा लगा रहे हैं। इससे लोगों में न केवल शांति और सौहार्द्र का संदेश जा रहा है, अपितु पर्यावरण के लिए भी बेहतरीन काम हो रहा है।

#### कौन होते हैं वालंटियर?

अंग्रेजी शब्द वालंटियर को हिंदी में स्वयंसेवक कहा जाता है। वालंटियर शब्द का स्पष्ट आशय यही है कि जो व्यक्ति बिना किसी निजी लाभ के अपनी इच्छा से लोगों की मदद करता है। विधायक देवेन्द्र यादव, राहुल गांधी के साथ लगातार यात्रा तो कर ही रहे हैं, साथ ही अन्य यात्रियों की हरसंभव सहायता भी कर रहे हैं।

## राज्य सभा सांसद ने जनदर्शन में लोगों से की मुलाकात समस्याएं सुन निराकरण करने के दिए निर्देश

श्रीकंचनपथ न्यूज

**दुर्ग।** राज्य सभा सांसद एवं भारतीय जनता पार्टी की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सरोज पाण्डेय ने जल परिसर कार्यालय में दुर्ग और भिलाई क्षेत्र से अधिक संख्या में उपस्थित लोगों से मुलाकात की। राज्य सभा सांसद जल परिसर में प्रात: 11.00 बजे से 3.00 बजे तक मौजूद रही। जल परिसर के जन दर्शन में मिलने वालों में विकलांगों के अलावा एकीकृत बाल विकास परियोजना के अधिकारी और आगंनबाड़ी की महिलाएँ, तथा विभिन्न लोगों के द्वारा 22 जनवरी को रामलला के प्राण प्रतिष्ठा के तहत् आयोजित कार्यक्रमों के लिए राज्य सभा सांसद को आमंत्रित करने के लिए जल परिसर में उपस्थित हुये थे। उल्लेखनीय है कि राज्य सभा सांसद सुश्री सरोज पाण्डेय के द्वारा आम जनता से जल परिसर में मिलकर उनकी समस्याओं को सुनी और उनसे बातचीत



की । इस दौरान रामदरबार संकट मोचन हनुमान मंदिर अग्रसेन चौक के आयोजक, अराध्य सेवा समिति के पदाधिकारी, श्री आदर्श गणेश उत्सव समिति, मातृभूमि सेवा समिति, और न्यू दुर्गा उत्सव समिति महाराजा चौक के पदाधिकारियों ने राज्य सभा सांसद से मुलाकात कर उन्हें समितियों की ओर से 22 जनवरी के उपलक्ष्य में की जाने वाले कार्यक्रमों के लिए आमंत्रित किया गया। श्री सद्गुरु कबीर सत्संग समारोह के लिए पोटियाकला वासियों ने राज्य सभा को आमंत्रित किये।

महिला एवं बाल विकास विभाग परियोजन अधिकारी और आंगनबाड़ी की महिलाओं ने राज्य सभा सांसद को विभाग द्वारा 12 फरवरी से 20 फरवरी तक आयोजित मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना कार्यक्रम के लिए आमंत्रित किया गया। राज्य सभा सांसद ने इस योजना का अधिक से अधिक लोगों तक पहुचाने और प्रचार प्रसार करने कहा ताकि पात्र लोगों इसकी जानकारी हो और वे आवश्यक शर्तो को जन-जन तक पहुँचायें। जानकारी के अभाव में गरीब लोग इसका लाभ नहीं उठा पाते हैं । उन्होनें कहा इस योजना से एक परिवार की दो कन्याओं को ही लाभ मिल सकेगा ।

राज्य सभा सांसद के जन दर्शन में मो0 अलीम, पप्पू साव, निलेश शाह, एवं आस्था श्रीवास्तव ने ई-'ट्राईसिकल के लिए आवेदन दिये। वहीं पप्पू साव ने व्यवसाय प्रारंभ करने गुमटी की मांग की। जनदर्शन में उपस्थित आवेदक ने जनदर्शन में पुष्पलता चौहान भाजपा महिला मोर्चा भिलाई, संतोष उपाध्यय, राममूर्ति, रमेश कुमार साहू, बी आर बंजारे, लेखराम वर्मा, अजय सिंह ठाकुर, विनोद दुबे, विजय शंकर, शेषराम, होल्कर प्रसाद, मनोज कुमार, भूपेन्दर सहित अधिक संख्या में लोग उपस्थित थे ।

## अनुकंपा नियुक्ति से आरक्षक बने उमेश, एसएसपी गर्ग ने सौंपा नियुक्ति आदेश



श्रीकंचनपथ न्यूज

**दुर्ग।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक दुर्ग राम गोपाल गर्ग के द्वारा पुलिस अधीक्षक कार्यालय में उमेश शुक्ला को पुलिस विभाग में नौकरी का नियुक्ति आदेश प्रदान किया। इनके पिता स्व. श्रवण कुमार शुक्ला दुर्ग जिले में प्रधानआरक्षक के पद पर पदस्थ थे, नौकरी के दौरान आकस्मिक मृत्यु होने पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक दुर्ग राम गोपाल गर्ग के द्वारा अनुकम्पा नियुक्त के प्रकरण को गंभीरता से लेते हुए अनुकम्पा नियुक्ति संबंधी सभी कार्रवाई जल्द पूरी करते हुए अनुकम्पा नियुक्ति दिए जाने के निर्देश दिए थे, बुधवार को सभी प्रक्रिया पूर्ण होने पर उमेश को पुलिस विभाग में आरक्षक के पद पर पदस्थ कर नियुक्ति आदेश जारी किया गया। इस अवसर पर उमेश की माता जी भी उपस्थित रही।

### दया सिंह का अल्टिमेटम

## समस्याओं को लेकर आयुक्त को सौंपा ज्ञापन, कहा- अब समाधान नहीं हुआ तो होगा आंदोलन

श्रीकंचनपथ न्यूज

भिलाई। खुर्सीपार क्षेत्र में व्याप्त समस्याओं को लेकर भिलाई नगर निगम के उप नेता प्रतिपक्ष दया सिंह ने नगर निगम भिलाई के आयुक्त देवेश ध्रुव को ज्ञापन सौंपा है। दया सिंह ने ज्ञापन के माध्यम से कहा है कि शहर के अलग-अलग वार्डों में विभिन्न प्रकार की समस्याएं व्याप्त है। लोगों को छोटी-छोटी चीजों के लिए दो-चार होना पड़ रहा है। गर्मी में पेयजल संकट गहरा गया है। शहर की अंदरूनी सड़कों का बुरा हाल है। सफाई व्यवस्था चौपट है। स्ट्रीट पोलों पर लाइट नहीं है। इस तरह की विभिन्न समस्या है। अगर समाधान नहीं हुआ तो जल्द ही भिलाई निगम के खिलाफआंदोलन किया जाएगा।



बता दें कुछ माह पहले भिलाई निगम परिसर का घेराव कर हल्ला बोल प्रदर्शन किया गया था। पार्षदों का आक्रोश शहर सरकार के खिलाफ देखने को मिला था। अपनी अलग-अलग समस्याओं को लेकर भाजपा पार्षद व उप नेता प्रतिपक्ष दया सिंह के नेतृत्व में वार्डवासी पहुंचे थे। उप नेता प्रतिपक्ष दया सिंह सहित सभी भाजपा पार्षदों ने कांग्रेस की शहर सरकार पर भ्रष्टाचार व 18 प्रतिशत कमीशनखोरी का आरोप लगाया था।

इस दौरान दया सिंह के साथ तात्कालीन आयुक्त के साथ 18 अलग-अलग बिंदुओं पर चर्चा हुई और जिसके समाधान के लिए आश्वासन दिया गया था। लेकिन अब तक भिलाई निगम प्रशासन द्वारा किसी भी समस्या का समाधान नहीं किया गया। दया सिंह ने एक बार फिर भिलाई निगम के नव नियुक्त आयुक्त देवेश ध्रुव को ज्ञापन सौंपकर उक्त समस्याओं पर ध्यानाकर्षण कराया और इसके समाधान के लिए पहल करने का निवेदन किया है।

### यह है वह 18 मांगे जो अब तक पूरी नहीं हुई

- टाउनशिप को छोड़ दें तो शहर के अन्य इलाकों खम्हरिया, कोहका, कुरुद, वैशालीनगर, कैंप, छावनी और खुर्सीपार में पेयजल संकट गहरा गया है। टैंकर से इन वार्डों में पेयजल आपूर्ति करें। भविष्य के लिए कार्ययोजना बनाकर काम करें।
- शहर की सफाई का खर्चा बढ़ गया है लेकिन व्यवस्था नहीं सुधरी है। सफाई व्यवस्था का बुरा हाल है। ठेका एजेंसी की मॉनीटरिंग करनी चाहिए।
- सफाई कार्य में जुटे मजदूरों के साथ शोषण भी हो रहा है। उनका पीएफ, ईएसआईसी नहीं काटा जा रहा है। मजदूरों के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ हो रहा है।
- शहर की अंदरूनी सड़कों का बुरा हाल है। जगह-जगह गड्ढे है, जहां चलना दूभर हो गया है। उन सड़कों का निर्माण किया जाए।
- खुर्सीपार क्षेत्र में पानी के लिए संपवेल की व्यवस्था होनी चाहिए। क्योंकि सप्लाई प्रॉपर नहीं हो रही है।
- खुर्सीपार में बिजली कटौती भारी हो रही है। इसका समाधान निगम प्रशासन को करना चाहिए।
- कैंप में पेयजल संकट है। अमृत मिशन के तहत पाइप लाइन बिछाने के बावजूद पानी घर तक नहीं पहुंचा है। जो संकट है।
- छावनी में कैमिकल युक्त गंदे पानी की आपूर्ति संपवेल से हो रही है। उन संपवेलों को बंद कर पाइप लाइन बिछाई जाए।
- सुपेला रोड की स्ट्रीट लाइट बंद है। जबकि, सौंदर्यीकरण के नाम पर भारी भ्रष्टाचार हुआ है। इसकी जांच होनी चाहिए।
- शहर में अवैध प्लॉटिंग का खेल धड़ल्ले से चल रहा है। लोगों की गाढ़ी पूंजी को जमीन माफिया हथिया रहे हैं। इनके खिलाफ कार्रवाई होनी चाहिए। शहर में कितने अवैध प्लॉटिंग एरिया है। इसकी पहचान होनी चाहिए।
- हुडको, वैशालीनगर, शांतिनगर और कैंप-खुर्सीपार में सीवरेज लाइन की बड़ी समस्या है। इसका समाधान आवश्यक है। क्योंकि, सालों पूर्व कॉलोनियों में सीवरेज पर किसी ने ध्यान ही नहीं दिया।
- श्रमिक बस्ती और आउटर के वार्डों में सीसीटीवी कैमरे लगाने चाहिए। इसके लिए निगम को देरी नहीं करना चाहिए। यह आवश्यक चीज है। इससे अपराध पर अंकुश लगेगा।
- शहर के उद्यानों का बुरा हाल है। मेंटेनेंस नहीं होने की वजह से उजाड़ पड़ा हुआ है। शहर के सभी सेक्टर और वार्डों में उजाड़ पड़े गॉर्डनों का मेंटेनेंस बिना देरी किए शुरू करना चाहिए।
- प्रॉपर्टी टैक्स की जो छूट उद्योगपतियों को दी गई है। वही छूट शहर के गरीब और श्रमिक इलाकों में रहने वाले गरीब जनता को भी देनी चाहिए। इससे भेदभाव साफ झलक रहा है। जो ठीक नहीं है।
- शहर के निर्माण कार्यों में लगातार भ्रष्टाचार की शिकायतें है। सेक्टर-7 स्पोर्ट्स कांप्लेक्स मामले में अब तक जांच रिपोर्ट का पता नहीं। संबंधितों के खिलाफ कार्रवाई भी नहीं हुई है।
- टाउनशिप के सेक्टरों में सफाई बुरा हाल है। डेंगू जैसे संक्रमण का खतरा बढ़ा हुआ है। अगर वहां सफाई नहीं सुधारी गई तो हालात मुश्किल हो जांएगे। बीएसपी की सफाई का जिम्मा निगम खुद अपने ऊपर लें।
- नगर निगम भिलाई की आर्थिक स्थिति खराब है। ऐसे में कर्मियों को समय पर मानदेय नहीं मिल रहा है। इसलिए व्यवस्था दुरूस्त की जाए, जिससे कर्मियों को भुगतान में देरी न हो। क्योंकि, निगम कर्मियों की वजह से ही निगम काम करेगा।
- सड़क, नाली और सफाई व पानी जैसे विषयों पर काम करने के लिए अलग से सेल का गठन हो। अलग से समिति बनाई जाए। ज्ञापन देने वाले में भाजपा पार्षद संजय सिंह, भोला साहू, राजकुमार जेसवाल, धर्मेन्द्र दिवाकर अन्य भी रखा जाए। जिससे सुचारू रूप से तर्क दिया जा सके।




स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक राजेश अग्रवाल द्वारा मिशन मीडिया प्रा. लि. छत्तीसगढ़ भवन, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित कर, 204 आकाशगंगा सुपेला, भिलाई जिला दुर्ग ( छ.ग. ) से प्रकाशित। संपादक राजेश अग्रवाल shreekanchanpath2010@gmail.com, Mo - 9303289950